Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24 website- www.dvpnews.in रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 100 ● वर्ष : 12 ● रायपुर, बुधवार 02 अक्टूबर 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



देशवासी का प्रथम कर्त्तव्य अपने देश पर अभिमान है।

Being a religious person feels grief looking at an aggrived

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज





## मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें नमन किया

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 02 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर उन्हें नमन किया है।

महात्मा गांधी के अमूल्य योगदान को याद करते हुए उन्होंने कहा है कि महात्मा गांधी ने भारत में स्वाधीनता आंदोलन को नई दिशा दी। उन्होंने सत्य, प्रेम और अहिंसा का मार्ग अपनाकर पूरे विश्व के सामने मिसाल कायम की। महात्मा गांधी ने भारत को सही अर्थों में सिद्धांत और व्यवहार से जोड़ा था। उन्होंने भारतीयों को स्वदेशी वस्त्रों और उत्पादों का उपयोग करके आत्मनिर्भर बनने पर जोर दिया। उन्होंने चरखा का प्रतीक अपनाया, खादी को बढ़ावा दिया। स्वच्छता के लिए ढेरों छोटे-बड़े अभियान चलाए। मुख्यमंत्री साय ने कहा है कि भारतीय स्वाधीनता संग्राम में शास्त्री जी का महत्वपूर्ण योगदान था। उन्होंने वर्ष 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के समय देश को कुशल नेतृत्व प्रदान किया और 'जय जवान-जय किसान' का नारा देकर जनता का मनोबल बढ़ाया। शास्त्री जी ने सादगी से जीवन जिया और अपना पूरा जीवन गरीबों की सेवा में अर्पित कर दिया। शास्त्री जी के विचार और जीवन मूल्य सदा लोगों को प्रेरित करते रहेंगे।

### सूरजपुर जिले में 187 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन

# सियानजनों की सेवा से मिलता है पुण्य और आशीर्वाद : सीएम विष्णुदेव साय

**अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर मुख्यमंत्री साय ने सियानों का किया सम्मान**

**बुजुर्गों के दुख-दर्द को समझें और उन्हें उनकी सेवा का भरोसा दिलाएं : मुख्यमंत्री**

**वृद्धजनों की भावनाओं को समझते हुए उनकी सेवा में तत्पर है छत्तीसगढ़ सरकार**



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर आज सूरजपुर जिला मुख्यालय में सियान सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने जिले के वृद्धजनों का शॉल, श्रीफ़ल से अभिनंदन कर शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज वृद्धजनों के सम्मान का दिन है। उन्होंने कहा कि मैं सभी वृद्धजनों को प्रणाम करता हूँ और आप सभी से आग्रह करता हूँ कि आप वृद्धजनों की सेवा और सम्मान करें,उनके दु:ख दर्द को समझे और उन्हें अपने सेवाभाव से भरोसा दिलाए कि आप उनके साथ हैं। माता-पिता और वृद्धजनों की सेवा से आपको पुण्य और आशीर्वाद मिलेगा, खुशी मिलेगी और उनके आशीर्वाद से आप अपने मुकाम तक पहुँच पाएंगे।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की सरकार सभी वर्ग के लिए योजनाएं संचालित कर रही है और योजनाओं का लाभ गरीब, मजदूरों, किसानों को मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के 14 लाख से अधिक सियानो को छोटी-छोटी जरूरतों को पूरा करने के लिए उनके खाते में पेंशन की राशि दी जा रही है। वृद्धजनों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के साथ ही उनके उपचार के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने बजट में 70 वर्ष से अधिक उम्र के वृद्धजनों के लिए आयुष्मान कार्ड के माध्यम से नि:शुल्क उपचार की सुविधा प्रदान की है। इसी कड़ी में हमने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया है कि सभी वृद्धजनों का आयुष्मान कार्ड बनाकर उन्हें नि:शुल्क उपचार की सुविधा प्रदान की जाए। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हर बुजुर्गों की इच्छा होती है कि वह अपने जीवनकाल में एक बार तीर्थ यात्रा जाएं, उनकी भावनाओं और आस्था को ध्यान रखकर हमारी सरकार ने अयोध्या में रामलला के दर्शन की व्यवस्था की है। रेल, बस के माध्यम से अयोध्या जाने और आने के अलावा भोजन, ठहरने की सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही है। इस योजना से माता कौशल्या की धरती छत्तीसगढ़ के लोग अपने भाँचा राम का दर्शन करने जा पा रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने आगे कहा कि हमारी सरकार ने मोदी की गारंटी के तहत किसानों का भरपूर ख्याल रखा है।

**सूरजपुर जिले के विकास की कई घोषणाएं :** मुख्यमंत्री साय ने समारोह में ग्राम बिहारपुर में सहकारी बैंक खोलने, पिलखा पहाड़ को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने, गोपालपुर में नवीन प्राथमिक शाला भवन का निर्माण कराये जाने के साथ ही भटगांव विधानसभा क्षेत्र के 103 एकल शिक्षकीय विद्यालयों में शिक्षकों की व्यवस्था किए जाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने सूरजपुर के जिला अस्पताल में सीटी स्कैन की सुविधा, सूरजपुर महाविद्यालय के स्टेडियम ग्राउंड में सिंथेटिक रनिंग ट्रैक का निर्माण, भैयाथान-सूरजपुर मार्ग में ऊंचडीह, नेवरा राष्ट्रीय राजमार्ग तक 09 किलोमीटर तक सड़क मरम्मत की घोषणा के साथ ही ग्राम पंचायत शिवनंदनपुर को नगर पंचायत का दर्जा दिए जाने की स्वीकृति दी। उन्होंने सूरजपुर ऑडिटोरियम का नाम डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के नाम पर करने की घोषणा की।

### 187 करोड़ के कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सूरजपुर जिले के दौरे के दौरान जिले में करोड़ों के विकास कार्यों का भूमिपूजन शिलान्यास एवं लोकार्पण किया गया। मुख्यमंत्री श्री साय द्वारा लोक निर्माण, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, हाउसिंग बोर्ड, आदिम जाति कल्याण, ग्रामीण विकास, जल संसाधन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, स्वास्थ्य, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना एवं नगरपालिका सूरजपुर के अंतर्गत 187 करोड़ 51 लाख की लागत वाले 159 कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण किया गया।

# प्रधानमंत्री मोदी और जमैका के प्रधानमंत्री के बीच हुई द्विपक्षीय वार्ता, व्यापार-निवेश पर की चर्चा



**नई दिल्ली ( विश्व परिवार )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जमैका के प्रधानमंत्री एंड्रयू होलनेस के बीच मंगलवार को नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय वार्ता हुई। इस दौरान दोनों नेताओं ने संबंधों को अधिक मजबूत करने और व्यापार, निवेश, नवीकरणीय ऊर्जा, डिजिटल परिवर्तन, विकास साझेदारी, शिक्षा, क्षमता निर्माण और लोगों से लोगों से संपर्कों में सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जमैका के प्रधानमंत्री एंड्रयू होलनेस के बीच मंगलवार को प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के बाद दोनों नेताओं ने संयुक्त पत्रकार सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान दोनों नेताओं की उपस्थिति में भारत और जमैका के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) का आदान-प्रदान किया गया।

प्रधानमंत्री मोदी ने इस अवसर पर कहा कि भारत और जमैका के संबंध साझा इतिहास, लोकतांत्रिक मूल्यों और लोगों के बीच संबंधों की मजबूती पर टिके हुए हैं। दोनों देशों को चार सी कल्चर (संस्कृति), क्रिकेट, कॉमनवेल्थ (राष्ट्रमंडल) और कैरिकॉम (कैरेबियन समुदाय) जोड़ता है। प्रधानमंत्री ने घोषणा की कि जमैका उच्चायोग के सामने सड़क का नाम जमैका मार्ग रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि यह सड़क भावी पीढ़ियों के लिए हमारी गहरी मित्रता और हमारे सहयोग का मार्ग प्रशस्त करेगी।

जमैका की विकास यात्रा में भारत को विश्वसनीय और प्रतिबद्ध विकास बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि डिजिटल सार्वजनिक ढांचा, लघु उद्योग, जैव ईंधन, नवाचार, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि जैसे क्षेत्र में जैसे क्षेत्रों में भारत अपना अनुभव जमैका के साथ साझा करने के लिए तैयार हैं। रक्षा के क्षेत्र में भारत द्वारा जमैका की सेना की ट्रेनिंग और क्षमता निर्माण पर दोनों देश आगे बढ़ेंगे। भारत और जमैका के बीच व्यापार और निवेश बढ़ रहा है। आईटीईसी और आईसीसीआर छात्रवृत्ति के माध्यम से भारत जमैका के लोगों के कौशल, विकास और क्षमता निर्माण में योगदान दिया है।

प्रधानमंत्री ने बताया कि भारत और जमैका संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद सहित वैश्विक संस्थानों में सुधार की आवश्यकता पर सहमत हैं। इन्हें समकालीन रूप देने के लिए हम साथ मिलकर काम करते रहेंगे। संगठित अपराध, मादक पदार्थों की तस्करी, आतंकवाद हमारी साझा चुनौतियां हैं। हम इन चुनौतियों का मिलकर सामना करने पर सहमत हैं। भारत को अंतरिक्ष क्षेत्र में अपने सफल अनुभव को जमैका के साथ साझा करने में खुशी होगी। दोनों देशों ने खेलों में अपने सहयोग को मजबूत करने पर भी चर्चा की। उन्हें विश्वास है कि आज की चर्चा के नतीजे हमारे संबंधों को उसेन बोल्ट से भी तेज गति देंगे और हम नई ऊंचाइयों को छूते रहेंगे।

जमैका के प्रधानमंत्री एंड्रयू होलनेस ने कोविड के कठिन समय को याद करते हुए भारत को सच्चा मित्र और भागीदार बताया और घोषणा की कि भारत सरकार की ओर से संचालित वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन में जमैका शामिल होगा। उन्होंने बताया कि दोनों नेताओं के बीच चर्चाओं में आपसी हित के कई मुद्दों पर चर्चा हुई। इनमें स्वास्थ्य, कृषि, डिजिटल परिवर्तन, फिल्म, शिक्षा, खेल, पर्यटन और कई अन्य विषय शामिल हैं। उन्होंने कहा कि बहुपक्षवाद में भारत का विश्वास सभी देशों के लिए काम करता है। भारत के जी 20 की अध्यक्षता के दौरान शिखर सम्मेलन की वॉयस ऑफ द ग्लोबल साउथ श्रृंखला में वे भी शामिल हुए थे। उन्होंने जून में वेस्टइंडीज में आयोजित 2024 पुरुष टी20 विश्व कप में भारत की जीत और पिछले महीने 45वें फिडे शतरंज ओलंपियाड में हाल ही में स्वर्ण पदक जीतने पर भारत को बधाई दी।

# महात्मा गांधी जयंती पर डॉ. मनसुख मांडविया गुजरात के पोरबंदर में राष्ट्रव्यापी तटीय और समुद्र तट स्वच्छता अभियान का करेंगे नेतृत्व

- भारत के तटीय क्षेत्रों में सिंगल-यूज़ प्लास्टिक को हटाने के लिए 1,000 स्थानों पर माई भारत के 1,00,000 से अधिक युवा स्वयंसेवक जुटेंगे
- स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत, माई भारत के 56 लाख से अधिक युवा स्वयंसेवकों ने पूरे भारत में लाखों किलोग्राम कचरा हटाया



**दिल्ली ( पीआईबी )।** केंद्रीय युवा मामले एवं खेल तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया कल महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर गुजरात के ऐतिहासिक शहर पोरबंदर से माई भारत द्वारा आयोजित राष्ट्रव्यापी तटीय और समुद्र तट स्वच्छता अभियान का नेतृत्व करेंगे। इस विशेष अभियान का उद्देश्य भारत के समुद्र तटों और तटीय क्षेत्रों से सिंगल-यूज़ प्लास्टिक कचरे को खत्म करना है। स्वच्छता ही सेवा अभियान के समापन के अवसर पर यह कार्यक्रम आयोजित होगा। स्वच्छता ही सेवा अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर, 2024 तक स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता थीम के तहत आयोजित किया गया है।

डॉ. मांडविया युवाओं की अगुवाई वाली पर्यावरण संरक्षण संबंधी गतिविधियों को बढ़ावा देने में सबसे आगे रहे हैं। वे महात्मा गांधी की जन्मस्थली के रूप में चर्चित ऐतिहासिक महत्व के स्थल पोरबंदर में स्वच्छता अभियान की शुरुआत करेंगे। केंद्रीय मंत्री डॉ. मांडविया की भागीदारी पर्यावरण संरक्षण के लिए सतत परंपराओं के प्रति प्रतिबद्धता को उजागर करती है। यह अभियान स्वच्छ और सिंगल-यूज़ प्लास्टिक मुक्त भारत के दृष्टिकोण के निर्माण के अनुरूप है।

युवा मामलों के विभाग के अंतर्गत माई भारत ने इस वर्ष स्वच्छता ही सेवा अभियान में सक्रिय भूमिका निभाई है। इसमें स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण संबंधी जिम्मेदारी को बढ़ावा देने में युवाओं की सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित किया गया है। माई भारत के युवा स्वयंसेवकों के नेतृत्व में बड़े पैमाने पर तटीय स्वच्छता अभियान 2 अक्टूबर, 2024 को स्वच्छ भारत दिवस के अवसर पर संपन्न होगा।

इस अभियान के अंतर्गत भारत के विशाल 7,500 किलोमीटर के तटीय क्षेत्र में 1,000 से अधिक स्थानों पर स्वच्छता का उद्देश्य है। इसमें विशेष रूप से सिंगल-यूज़ प्लास्टिक के संग्रह, उन्हें अन्य कचरों से अलग करने और निपटान पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। माई भारत के 1,00,000 से अधिक स्वयंसेवक इस राष्ट्रव्यापी समुद्र तट स्वच्छता अभियान में भाग लेंगे।

## मुख्यमंत्री साय आज रायपुर और बलरामपुर जिले में आयोजित कार्यक्रमों में होंगे शामिल

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय 02 अक्टूबर को राजधानी रायपुर और जिला बलरामपुर के राजपुर में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री श्री साय सवेरे 8.30 बजे सदर बाजार आजाद चौक रायपुर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे और स्वच्छता अभियान कार्यक्रम में शामिल होंगे। श्री साय सवेरे 9 बजे पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024-स्वच्छता पखवाड़ा समापन समारोह एवं खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री सवेरे 11.50 बजे पुलिस लाईन हेलीपेड से राजपुर जिला बलरामपुर-रामानजुगंज के लिए रवाना होंगे। जहां वे दोपहर 01 बजे से अपरान्ह 2.45 बजे तक विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण करेंगे।


# मैक में भारत स्काउट्स एंड गाइड का रोवर रेंजर दीक्षा एवं पुरुस्कार वितरण समारोह, सांसद बृजमोहन ने दिलाई कर्तव्यनिष्ठा की शपथ



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मंगलवार को राजधानी रायपुर स्थित महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज में भारत स्काउट्स एंड गाइड के रोवर रेंजर्स दीक्षा ग्रहण एवं पुरूस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारत स्काउट गाइड छ.ग. के अध्यक्ष एवं सांसद बृजमोहन अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर बृजमोहन अग्रवाल ने मैक आर्मी कक्ष का शुभारंभ किया। तथा नए रोवर रेंजर अध्यक्ष धनंजय कोचर, सचिव सुश्री भूमिका यादव के साथ विभिन्न दल के प्रमुखों को उनकी कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई।

बृजमोहन अग्रवाल ने मैक के विद्यार्थियों के अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा की तारीफ करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि, भारत स्काउट्स एंड गाइड्स एक राष्ट्रीय संस्था है, जो बच्चों और युवाओं में नेतृत्व, अनुशासन, और सेवा भाव का विकास करने के लिए काम करती है। जिससे वो शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक और आध्यात्मिक रूप से मजबूत बन सकें और समाज की सेवा में अपना योगदान दे सकें। यह संस्था बच्चों को आत्मनिर्भर, जिम्मेदार और समाज के प्रति कर्तव्यनिष्ठ बनाने के लिए विभिन्न गतिविधियों और प्रशिक्षणों का आयोजन करती है, जिसमें आउटडोर कैंपिंग, टीम वर्क, स्किल्स डेवलपमेंट, और सामुदायिक सेवा शामिल हैं। उन्होंने कहाकि विद्यार्थियों को इस प्रकार के प्रशिक्षण देना बहुत जरूरी है। इसके साथ ही कॉलेजों में मिलिट्री टैनिंग भी दी जानी चाहिए, जिसके लिए इसराइल देश से सबक लेने की आवश्यकता है जहां सभी युवाओं को मिलिट्री टैनिंग और आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया जाता है। जिससे देशवासियों में देशभक्ति और सेवा भाव का जज्बा पैदा होता है। उन्होंने यह भी कहा कि, मैक कॉलेज बच्चों के विकास में अच्छा कार्य कर रही है जो बहुत ही प्रशंसनीय है। इसके लिए चेयरमैन श्री राजेश अग्रवाल और मैक की पूरी टीम बधाई की पात्र है।

कार्यक्रम में मैक चेयरमैन राजेश अग्रवाल ने बच्चों को ईमानदारी पूर्वक पूरी दृढ़ता के साथ कार्य करने की बात कही। समारोह में इस प्रदेश स्तरीय रोवर रेंजर छात्र-छात्राओं को 2023-24 के उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया, एवं भूतपूर्व रोवर रेंजर के छात्र-छात्राओं को महत्वपूर्ण योगदान के लिए पुरुस्कृत किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि, राज्य मुख्य आयुक्त सोमनाथ यादव, कार्यवाहक अध्यक्ष राजेश अग्रवाल चेयरमैन मैक, मुरली शर्मा, श्री जी स्वामी, कैलाश सोनी एवं सुरेन्द्र शुक्ला, प्राचार्य डॉ. एम.एस. मिश्रा, डॉ. डिग्रीलाल पटेल, अभिजीत चक्रवर्ती, गोपीराम सोनकर, नीलिमा निषाद समेत शिक्षक विद्यार्थी और गणमान्यजन उपस्थित रहे।



## संक्षिप्त समाचार

### राहुल कसार को डॉक्टरेट उपाधि सम्मान







**रायपुर (विश्व परिवार)।** स्वीकृत: कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय, भारत सरकार एचडीएसी सेमिनार 'ज्ञान ही शक्ति है आपकी उपस्थिति' इस विशेष कार्यक्रम डॉक्टरेट पुरस्कार समारोह में सत्तीबाजार निवासी राहुल कसार को डॉक्टरेट उपाधि सम्मान प्रदान किया गया। आज से डॉक्टर राहुल कसार के नाम से जाना जायेगा।

### विष्णु सरकार शीघ्र राजमाता का दर्जा दे: संजय बोहरा



**दुर्ग (विश्व परिवार)।** राष्ट्रीय भाजपा गोवंश प्रकोष्ठ के पूर्व कार्यकारिणी सदस्य समाजसेवी संजय बोहरा ने छत्तीसगढ़ शासन विष्णु देव सरकार से मांग करती है की वर्तमान भाजपा शासित राज्य उत्तराखंड और महाराष्ट्र जहां मिली जुली पार्टी की सरकार है और मूल आबादी का 27 प्रतिशत से अधिक मतदाता गैर हिंदू धर्म अनुयाई है। ऐसे राज्य में देसी गाय को राज्य माता का दर्जा की घोषणा मंत्रिमंडल सदस्य उपमुख्यमंत्री देवेंद्र जी ने दिया फिर क्या कारण है एल बोहरा नेकहा कि हमें भी इस निर्णय पर मंत्रिमंडल की बैठक में निर्णय लेकर शीघ्र से शीघ्र देसी गोवंश को राज्य माता का दर्जा देकर उसके संवर्धन और संरक्षण हेतु प्रयास करना चाहिए, मुख्यमंत्री विष्णुसाय से भाजपा नेता संजय बोहरा ने राज्य में संचालित गौशाला पुणे उत्थानऔर हित में कार्य कर उनके कार्य में सहयोग शासन प्रशासन नियमित तौर पर दे राज्य में देसी गाय को राज्य माता का दर्जा प्राप्त होने से हमारी कमजोर देसी गाय, अपंग , कमजोर बीमारू गोवंश कट्टी और कट्टी पार जाने पर रोक लगेगी अत: शीघ्र से शीघ्र राज्य शासन को इस पर निर्णय लेकर घोषणा करनी चाहिए धन्यवाद।

### स्वच्छता पखवाड़ा का हुआ आयोजन



**नवापारा राजिम (विश्व परिवार)।** सृजन सोनकर विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आरंग के स्काउट गाइड के विद्यार्थियों ने स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान रैली निकाली। ज्ञात हो कि स्वच्छता पखवाड़ा 14 सितम्बर 2 अक्टूबर तक चल रहा है। यह रैली विद्यालय परिसर से होते हुए नगर पालिका परिषद, बस स्टैण्ड, शास्त्री चौक आंगन बाड़ी, पुलिस थाना व उप स्वास्थ्य केंद्र सहित विभिन्न स्थानों में स्वच्छता हेतु सेवा दिए। नगर पालिका में स्वच्छता के दौरान सभी विभागों का विद्यार्थियों ने अवलोकन किया कि किस विभाग में कौन सा कार्य होता है।लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए नारे लगाते हुए नगर भ्रमण किये बच्चे बस स्टेशन से पुलिस थाना पहुंचे जहां थाना प्रभारी ने स्वच्छता अभियान के साथ नशा मुक्ति अभियान हेतु निजात अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

# मोराडीह सालेकेरा सड़क हुआ जर्जर, बारिश में सड़क धस रहा, जोखिम लेकर अवागमन कर रहे ग्रामीण



**जशपुर नगर (विश्व परिवार)।** सालेकेरा पंचायत के मोराडीह सालेकेरा सड़क कि सालों बाद भी कोई सुधार नही हुआ बल्कि सड़कों कि हालत और ख़राब हो रहीं हैं. सड़क बनाने कों लेकर लम्बे समय से कयास लगाएं जा रहें पर सालों बीत जाने के बाद भी कुछ नहीं हुआ. प्रशानिक उदासीनता कि वजह से अब तक जर्जर सड़क नहीं बनी हैं जिससे आवागम में भारी दिक्क़त हो रहीं हैं. जर्जर सड़क कि मार लोग लम्बे समय से झेल रहें हैं.फिर भी लोग जर्जर सड़क पर अवागमन के लिए मजबूर हैं. यहीं से अधिकारी, कर्मचारी गुजर रहें पर किसी कोई परवाह नहीं हैं.

बरसात में सालेकेरा गांव कि जर्जर सड़क का बुरा हाल है पहाड़ व खेतों का पानी सड़कों तक पहुंच रहा जिससे सड़क खोखला हो रहा वहीं अंदर कि मिट्टी धस रहीं हैं जो हादसे कों आमंत्रित कर रहीं हैं. अगर समय रहते मरम्मत नहीं किया गया तों सड़क धस जाएगा. बता दें कि यह एक मात्र ऐसा सड़क है जो एक पंचायत के अंतर्गत 4 गांव मोराडीह सालेकेरा दरीगाढ़ा, नवाटोली को जोड़ती है जिसकी हालत बहुत ख़राब है, अभी बरसात के दिनो में इस सड़क से गुजरना बहुत ही जोखिम भरा है.ग्रामीणों का कहना है कि यह सड़क एकदम खोखला हो चुका है। सड़क पर कभी भी बड़ी दुर्घटना होने की आशंका बनी हुई है। सालेकेरा सरपंच कुंती भगत ने बताया कि कोरोना से पहले जनदर्शन में कलेक्टर कों ज्ञापन दिए थे लेकिन सालों बाद भी सड़क नहीं बना. साढ़े तीन किलोमीटर तक सालेकेरा मोराडीह तक सड़क जर्जर हैं .पूर्व सड़क बनाने के लिए गिट्टी बिछा पर कभी सड़क नहीं बनी. अब तों गिट्टी भी सड़क से बाहर निकल रहें.

**सड़क ख़राब कि वजह से टाइम पर एम्बुलेंस नहीं पहुंचता :** सालेकेरा पंचायत के मोराडीह सालेकेरा कि सड़कें ख़राब होने के कारण जिला मुख्यालय आने में काफी समय लगता हैं. जशपुर नगर से आरा 20 किलोमीटर के आसपास हैं. इससे आगे सालेकेरा पंचायत हैं इधर से अन्य गांव भी जुड़े हैं. एमरजेंसी में एम्बुलेंस सड़कें ख़राब होने के कारण समय पर पहुंच नहीं पाता हैं जिससे कई बार घटनाएं घटती हैं. बदलते दौर में गांव -गांव गाड़िया हो गए पर सड़कों में सुधार नहीं हुआ हैं. ग्रामीणों के लिए अधूरा निर्माण जर्जर सड़क परेशानी का सबब बना है.

**ग्रामीण सड़क योजना से दूर सड़क :** ग्रामीण सड़क योजना के तहत गांव -गांव कि सड़क पक्की बन रहीं पर मोराडीह सालेकेरा सड़क कि सड़क ग्रामीण सड़क योजना से दूर हैं. सड़क का हाल देखने से पता चलता है कि सड़क पूर्व निर्माण हुआ था लेकिन सड़क के जर्जर हो जाने के बाद मरम्मत नही कराया गया. जिससे सड़क का हालखस्ता हो गया. सड़क कि गिट्टी दिख रही है.गाड़ी, सायकल दौड़ने पर हीचकाली मार रहीं. ग्रामीणों का कहना हैं कि ग्रामीण सड़कों का जब निर्माण होता हैं तब ठेकेदार द्वारा जमकर अनियमितता व भ्रष्टाचार किया जाता हैं कमीशन खोरी कि वजह से सही ढंग से काम नहीं हो पता हैं.

कार्यपालन पालन अभियंता प्रधानमंत्री मंत्री ग्रामीण सड़क योजना एन.एन साय ने कहा कि सड़क को मैं दिखवाता हूं पर मोराडीह सालेकेरा सड़क निर्माण के लिए कोई बजट नहीं आया हैं.

## बुजुर्गों का सम्मान एवं स्वास्थ्य परीक्षण कर मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस



**बलौदाबाजार (विश्व परिवार)।** समाज कल्याण विभाग द्वारा आज नगर भवन में बुजुर्गो का सम्मान एवं स्वास्थ्य परीक्षण कर अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस मनाया गया। जिसमें विभिन्न विकासखंड से आएं 155 बुजुर्गो का सम्मान फूल, श्रीफल एवं साल भेंट कर किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष सुमन योगेश वर्मा, कलेक्टर दीपक सोनी सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि गण बड़ी उपस्थित रहे। कलेक्टर दीपक सोनी ने सभी वृद्धजनों से मिलकर अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस की बधाई देते हुए उनके हाल चाल का जायजा लिया। उक्त कार्यक्रम में सभी वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इसके अतिरिक्त मानसिक स्वास्थ्य, नशा मुक्ति अभियान एवं पारिवारिक विवाद के संबंध में जानकारी दी गई। इस अवसर पर 34 किसानों को खरीफ वर्ष का बीमा पालिसी प्रदान किया गया है। इस मौके पर उप संचालक कृषि दिलीप नायक, सखी वह स्टॉप सेंटर से सुश्री तुलिका परगाहनिया, स्वास्थ्य विभाग को टीम सहित समाज कल्याण विभाग के अधिकारी कर्मचारी गण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर हरिस एस. ने दिए निर्देश

**जगदलपुर( विश्व परिवार )।** कलेक्टर श्री हरिस एस. ने कहा कि सिकलसेल जांच का प्रत्येक विकासखण्ड में हजार व्यक्तियों का जांच का लक्ष्य तयकर काम करने की आवश्यकता है। साथ ही आयुष्मान कार्ड बनाने के लक्ष्य में जनपद व स्वास्थ्य विभाग आपसी समन्वय से कार्य को संपन्न करेंगे। इसके लिए 4 गांव का लक्ष्य निर्धारित कर सेचुरेशन करने की पहल की जाएगी, जिसकी प्रतिदिन रिपोटिंग प्रस्तुत किया जाएगा। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के योजनाओं क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए आरसीएच इंन्ट्री, टीकाकरण की प्रगति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री हरिस मंगलवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक लेकर अधिकारियों को निर्देशित किए। बैठक में कलेक्टर ने मुख्यमंत्री जनदर्शन में एक माह से लंबित प्रकरण का समीक्षा कर संबंधित विभाग के अधिकारियों को निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही पीजी पोर्टल, नियद नेल्लानार योजना के डेशबोर्ड में 37 सेवाओं का पर विभागों द्वारा सर्वे कर जानकारी अपडेट करने के निर्देश दिए। इसके अलावा विगत दिन हुए मुख्य सचिव के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में प्राप्त निर्देशों पर चर्चा कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।


**बैंक ऑफ़ बड़ौदा**
**Bank of Baroda**
क्षेत्रीय कार्यालय, जीवन प्रकाश, एलआईसी बिल्डिंग, पंडरी, रायपुर (छ.ग.), फोन नं. 0771 - 4222611, 4222612
ई-मेल: recovery.raipur@bankofbaroda.com

**अचल संपत्ति का कब्जा नोटिस**

यतः बैंक ऑफ़ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी द्वारा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के साथ पढ़े जाने वाली प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 3 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित बकायेदारों / जमानतदारों को मांग नोटिस निर्गत की गई थी। उक्त मांग नोटिसों में, वर्णित धनराशि को संबंधित बकाएदारों से, उक्त नोटिसों की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर बैंक को अदा करने की मांग की गई थी, जिसे निम्नलिखित नाम वाले बकायेदार / जमानतदार मांग की गई धनराशि को लौटाने में असफल रहे हैं। अतः एतद् द्वारा संबंधित बकायेदारों / जमानतदारों एवं सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि बैंक ऑफ़ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी ने संबंधित कॉलम में दी गई तिथियों को उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के साथ पढ़े जाने वाली प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8 तथा धारा 14 के साथ पठित उक्त नियमावली के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोलिखित सम्पत्तियों को उनके सम्मुख अंकित दिनांक को अपने कब्जे में ले लिया हैं जिनका विवरण निम्नानुसार हैं:-

| क्र. | शाखा का नाम / फोन नं. | उधारकर्ता / जमानतदार का नाम | प्रतिभूतिकृत संपत्ति का विवरण | मांग नोटिस की तिथि राशि एवं सांकेतिक / भौतिक कब्जा तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | रावांभाठा शाखा, रायपुर 9752410789 | मोहम्मद नाजिद खान, श्री साजिद खान, पता- 378/23, उरला रोड, मस्जिद के पास, बीरगांव, रायपुर, छ.ग. | साम्यिक बंधक भूमि और भवन स्थित खसरा नं. - 286/128 का भाग एवं खसरा नं. - 286/303 का भाग, म्यूटेशन के बाद खसरा नं. - 286/302, 286/303, रकबा 600+300 वर्गफीट, कुल रकबा 0.009 हेक्टेयर 900.00 वर्गफीट, मौजा बीरगांव, प.ह.नं. 101, आरआईसी धरसीवां-1, तहसील एवं जिला- रायपुर, छ.ग. हैं जो श्री मोहम्मद नाजिद खान पिता मोहम्मद साजिद खान के नाम पर हैं. सीमाएं: पूर्व - यादव का मकान, पश्चिम - रोड, दक्षिण- संत राम साहू का मकान, उत्तर - पकीरा का मकान. | 06.07.2024 रू. 21,80,948.00 + ब्याज + अन्य प्रभार 26.09.2024 सांकेतिक कब्जा |

अग्रेतर एतद् द्वारा आम जनता विशेषकर उधारकर्ता एवं जमानतदारों को सूचित किया जाता हैं कि उपरोक्त संपत्तियों का लेनदेन न करें, उक्त संपत्ति का लेनदेन बैंक ऑफ़ बड़ौदा के प्रभार के अधीन होगा।
हम ऋणकर्ता का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के मोचन (redeem) के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा 8 की ओर आकर्षित करते हैं.
दिनांक: 02.10.2024, स्थान: रायपुर, छत्तीसगढ़
प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ़ बड़ौदा



**PUBLIC NOTICE**

**NOTICE U/S 72 OF THE INDIAN PARTNERSHIP ACT 1932**

Abdul Quyyum Siddique, partner of the firm M/s Real Cement Products is going to carry on his own business. Therefore unable to continue as a partner in said firm. The Shares of the outgoing partner will be transferred to Afroz Fatama.

The Remaining partners will carry out the firm on same terms as earlier.

**For, M/s Real Cement Products**
**PARTNER**



**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)**
Email :birgaonmcp@gmail.com, Website : www.nagarnigambirgaon.com

-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-
**नामांतरण प्रकरण क्र. 477 दिनांक 30.09.2024**
**वार्ड का नाम- गोवर्धन वार्ड**
**वार्ड क्र. 14 वर्ष- 2024-25**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक **14** मांग **पंजी क्र. 111 युआईडी 18234** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **सुखचैन साहू / मनराखन साहू** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **परमानंद साहू / सुखचैन साहू** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **29-10-2024** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर ( छ.ग. )**



**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)**
Email :birgaonmcp@gmail.com, Website : www.nagarnigambirgaon.com

-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-
**नामांतरण प्रकरण क्र. 476 दिनांक 30.09.2024**
**वार्ड का नाम- खुबचंद बघेल वार्ड**
**वार्ड क्र. 33 वर्ष- 2024-25**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक **33** मांग **पंजी क्र. 59 युआईडी 28130** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **गजानंद सिंह / शिवमूरत सिंह** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **शिवमूरत सिंह/रामधारी सिंह** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **29-10-2024** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर ( छ.ग. )**



**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)**
Email :birgaonmcp@gmail.com, Website : www.nagarnigambirgaon.com

-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-
**नामांतरण प्रकरण क्र. 479 दिनांक 30.09.2024**
**वार्ड का नाम- भारत माता वार्ड**
**वार्ड क्र. 30 वर्ष- 2024-25**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक **30** मांग **पंजी क्र. 18 युआईडी 26746** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **मोहम्मद तनवीर / मोहम्मद बसीर** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **मेहनाज बानो/ शेख मासूम जौहरी** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **29-10-2024** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर ( छ.ग. )**



**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)**
Email :birgaonmcp@gmail.com, Website : www.nagarnigambirgaon.com

-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-
**नामांतरण प्रकरण क्र. 478 दिनांक 30.09.2024**
**वार्ड का नाम- भारत माता वार्ड**
**वार्ड क्र. 30 वर्ष- 2024-25**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक **30** मांग **पंजी क्र. 18 युआईडी 26746** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **टी. नारायण / टी. के. राव** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **मोहम्मद तनवीर / मोहम्मद बसीर** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **29-10-2024** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर ( छ.ग. )**



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)**
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

पत्र क्र./14497/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2024
रायपुर, दिनांक 23-09-2024

**इश्तिहार**
**नामांतरण प्र.क्र. 14497**
**वार्ड का नाम- 16 - वीर शिवाजी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 16 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR107J00157** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **CHARAN LAL SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE LAKHAN SAHU** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **JAGJEEVAN SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LAKHAN LAL SAHU** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **SAPAT PATRA** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री हितेन्द्र यादव**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 1 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)**
शहीद समारक भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./14648/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2024
रायपुर दिनांक : 01-10-2024

**इश्तिहार**
**नामांतरण प्र.क्र. 14648**
**वार्ड का नाम- 27- इंदिरा गांधी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 27 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR220I00012** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **MOHAN LAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **S/O MANGAT RAM** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्री संजय छुगानी** पिता/पति, श्री/श्रीमती **पिता - स्व. श्री मोहन लाल छुगानी** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत हक त्याग**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री आर.के. डोंगरे**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 2 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)**
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

पत्र क्र./14351/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2024
रायपुर, दिनांक 09-09-2024

**इश्तिहार**
**नामांतरण प्र.क्र. 14351**
**वार्ड का नाम- 18 - बालगंगाधर तिलक वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 18 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR110D00624** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **PAVIJEET LAKHANPAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAJESH LAKHANPAL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **RAJESH LOGANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **JIVAT RAM LOGANI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री हितेन्द्र यादव**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 1 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)**
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

पत्र क्र./13254/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2024
रायपुर, दिनांक 09-09-2024

**इश्तिहार**
**नामांतरण प्र.क्र. 13254**
**वार्ड का नाम- 18 - बालगंगाधर तिलक वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 18 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR110B00508** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **D.N. RAO** पिता/पति, श्री/श्रीमती **DR. PRABHAKAR DODLA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **LATE. D.N. RAO** पिता/पति, श्री/श्रीमती .... ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ ---- / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री हितेन्द्र यादव**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 1 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)**
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

पत्र क्र./14124/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2024
रायपुर, दिनांक 09-09-2024

**इश्तिहार**
**नामांतरण प्र.क्र. 14124**
**वार्ड का नाम- 16 - वीर शिवाजी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 16 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR107J00218** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **BEDANI DEVI** पिता/पति, श्री/श्रीमती .... के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. CHANDESHWAR PRASAD 2 DHANANJAY PRASAD, 3 SANJAY KUMAR, 4 MANOJ KUMAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **1. CHATU PRASAD 2. CHANDESHWAR PRASAD** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत वसीयतनामा** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री हितेन्द्र यादव**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 1 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)**
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

पत्र क्र./14530/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2024
रायपुर, दिनांक 23-09-2024

**इश्तिहार**
**नामांतरण प्र.क्र. 14530**
**वार्ड का नाम- 16 - वीर शिवाजी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 16 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR107E00227** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **KANSHI RAM PATEL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **FUL SINGH PATEL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SANTOSH PATEL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **KASHIRAM PATEL** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री हितेन्द्र यादव**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 1 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)**
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

पत्र क्र./13509/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2024
रायपुर, दिनांक 09-09-2024

**इश्तिहार**
**नामांतरण प्र.क्र. 13509**
**वार्ड का नाम- 16 - वीर शिवाजी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 16 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR107C0213A** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **KAPIL GOHIL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RITESH GOHIL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **DINESH JAJHEJA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **GHANSHYAM DAS JAJHEJA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री हितेन्द्र यादव**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 1 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./14451/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2024
रायपुर, दिनांक 01-10-2024

**इश्तिहार**
**नामांतरण प्र.क्र. 14451**
**वार्ड का नाम- 50 - रानी दुर्गावती वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 50 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR445M00086** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **PRAKASH HANSANAD MAKHIJA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **HANSANAD MAKHIJA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SMT. MAJNU LEKHWANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **W/O SHRI LAXMAN LEKHWANI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री राकेश शर्मा**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-( 10 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)**
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

पत्र क्रं./14877/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2024
रायपुर दिनांक : 01-10-2024

**इश्तिहार**
**नामांतरण प्र.क्र. 14877**
**वार्ड का नाम- 60 - चन्द्रशेखर आजाद वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 60 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR652F01232** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **SUBHASH KUMAR VISHVAKARMA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **VISHNU PRASAD VISHVAKARMA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **NIKHIL SAHU** पिता/पति श्री/श्रीमती **GAURISHANKAR SAHU** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रं. - 6**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)**
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

पत्र क्रं./14903/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2024
रायपुर दिनांक : 01-10-2024

**इश्तिहार**
**नामांतरण प्र.क्र. 14903**
**वार्ड का नाम- 60 - चन्द्रशेखर आजाद वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 60 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR652G00274** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **JAKIR KHAN S/O SHAHID KHAN, NILOFAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **JAKIR KHAN** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **ASHNA SULTANA** पिता/पति श्री/श्रीमती **W/O MOHAMMAD FIROZ ANSARI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रं. - 6**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
विश्व परिवार



# प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का गर्मजोशी से नेताओं एवं पुलिस अधिकारियों ने किया स्वागत

गोपाल सिंह विद्रोही





**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )** आज सूरजपुर दौरे पर थे प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय । इस दौरान हेलीपेड सूरजपुर पहुंचने पर मुख्यमंत्री का महिला बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ,सांसद सरगुजा चिंतामणि महाराज, विधायक भूलन सिंह मरावी, श्रीमती शकुन्तला पोर्ते, पूर्व गृह मंत्री रामसेवक पैकरा, सरगुजा संभाग कमिश्नर जी. आर. चुरेंद्र, सरगुजा आई.जी.श्री अंकित गर्ग, कलेक्टर श्री रोहित व्यास और पुलिस अधीक्षक श्री एम आर अहिरे द्वारा पुष्पगुच्छ देकर आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे

**मुख्यमंत्री ने दिल खोल कर सूरजपुर जिले को दी करोड़ों की सौगात- मुख्यमंत्री ने 187 करोड़ 51 लाख की लागत से 109 कार्यों का भूमिपूजन/शिलान्यास और 50 कार्यों का किया लोकार्पण-** आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा सूरजपुर जिले के दौरे के दौरान जिले में करोड़ों के विकास कार्यों का भूमिपूजन शिलान्यास एवं लोकार्पण किया गया। मुख्यमंत्री श्री साय द्वारा लोक निर्माण विभाग सूरजपुर अंतर्गत 68.7725 करोड़ की लागत से निर्मित होने वाले 7 कार्यो का भूमिपूजन/शिलान्यास और 57.1634 करोड़ की लागत से निर्मित 27 कार्यों का लोकार्पण, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, सूरजपुर अंतर्गत 44.82 लाख की लागत से निर्मित होने वाले 3 कार्यो का भूमिपूजन/शिलान्यास, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल अंतर्गत 43 लाख की लागत से निर्मित होने वाले 01 कार्य का भूमिपूजन/शिलान्यास और 57.52 लाख की लागत से निर्मित 04 कार्य का लोकार्पण, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास सूरजपुर अंतर्गत 18.6980 करोड़ की लागत से निर्मित होने वाले 5 कार्यो का भूमिपूजन/शिलान्यास, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सूरजपुर अंतर्गत 2.3047 करोड़ की लागत से निर्मित होने वाले 18 कार्यो का भूमिपूजन/शिलान्यास, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत प्रतापपुर अंतर्गत 2.5559 करोड़ की लागत से निर्मित होने वाले 23 कार्यो का भूमिपूजन/शिलान्यास मुख्य कार्यपालन अधिकारी , जनपद पंचायत भैयाथान सूरजपुर अंतर्गत 1.9292 करोड़ की लागत से 16 कार्यो का भूमिपूजन/शिलान्यस और 19.82 लाख की लागत से 01 कार्यों का लोकार्पण, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत रामानुजनगर अंतर्गत 1.2553 करोड़ की लागत से 10 कार्यो का भूमिपूजन/शिलान्यास और 36.18 लाख की लागत से 03 कार्यों का लोकार्पण, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत प्रेमनगर अंतर्गत 1.0759 करोड़ की लागत से 08 कार्यो का भूमिपूजन/शिलान्यास, कार्यपालन अभियंता जल संसाधन, सूरजपुर अंतर्गत 12.7529 करोड़ की लागत से 5 कार्यो का भूमिपूजन/शिलान्यास और 10.18 करोड़ की लागत से 03 कार्यों का लोकार्पण, कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग सूरजपुर अंतर्गत 45 लाख की लागत से 13 कार्यो का भूमिपूजन/शिलान्यास, कार्यपालन अभियंता छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज लिमिटेड अंबिकापुर, अंतर्गत 1.6893 करोड़ की लागत से 05 कार्यों का लोकार्पण, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत 3.4271 करोड़ की लागत से 2 कार्यों का लोकार्पण, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत 1.2096 करोड़ की लागत से 05 कार्यो का लोकार्पण, नगरपालिका परिषद सूरजपुर, अंतर्गत 2.04 करोड़ की लागत से 2 कार्यों का लोकार्पण किया गया।

# सर्वमंगला मंदिर में नवरात्र पर्व की तैयारी



**कोरबा(विश्व परिवार)।** हसदेव नदी के तट में विराजमान माता सर्वमंगला के दरबार में मनोकामना के लिए ज्योति कलश घट की स्थापना 3 अक्टूबर से की जाएगी। इस वर्ष भी यहां विदेश, प्रदेश सहित कोरबा जिले के लोगो के द्वारा कलश स्थापित किए जा रहे हैं। मंदिर में नवरात्र की व्यापक तैयारी हो रही है। हसदेव नदी के तट में विराजमान माता सर्वमंगला के दरबार में इस नवरात्रि भी माता के नौ रूपों के विशेष श्रृंगार किया जाएगा। इस नवरात्रि अभी तक छै हजार तेल और पांच सौ घृत ज्योति कलश मनोकामना पूर्ति हेतु रसीद कट चुकी है। मंदिर के प्रबंधक और पुजारी नमन कुमार पाण्डेय (नन्हा) ने कहा की जो भी भक्त माता के दरबार में मनोकामना पूर्ति हेतु ज्योति कलश स्थापना करना चाहते है मंदिर परिसर में आकर रसीद कटा सकते है। इसके अलावा अन्य सहयोगी संस्थान से भी ज्योत के लिए रसीद कटा सकते है। ज्योति कलश स्थापना के लिए मंदिर परिषर में पूरी तैयारी कर ली गई है। पानी बरसात और धूप से बचने के लिए मंदिर में डोम लगाई गई है जिससे श्रद्धालु को किसी प्रकार की दिक्कत और परेशानी ना हो। मंदिर के प्रबंधक और पुजारी नमन ने बताया की माता के दरबार में कोरबा जिले के लोगो की बड़ी आस्था है। इसके अलावा विदेशो से भी माता के दरबार में भारत के निवासी जो विदेश में रहते है उनके द्वारा भी मनोकामना पूर्ति हेतु ज्योति कलश की स्थापना की गई है। जिसमे सात समुंदर पार अमेरिका से दो , ऑस्ट्रेलिया से तीन, म्यांमार से दो और सिंगापुर से एक व्यक्ति ने अभी तक माता के दरबार में आस्था रखी है। मंदिर में नौ दिनों तक माता के नौ रूपों की पूजा की जाती है। इस नौ दिनों तक माता के दरबार में माता के नौ रूपों का श्रृंगार किया जाता है। पूरे नौ दिनों तक मंदिर में लोगो के द्वारा भंडारा किया जाता है। सभी श्रद्धालु मंदिर परिसर में आयोजित रात्रि में भागवत कथा का लाभ भी उठा सकते हैं।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक स्वच्छता कार्यों से लें सीख - वाईके तिवारी

**कोरबा(विश्व परिवार)।** राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक वाई.के. तिवारी ने कहा हैं कि स्वयं सेवकों को सतत स्वच्छता कार्यों से सीख लेनी चाहिए। उनके नेतृत्व में हसदेव अमृत वाटिका से खरपतवारों को हटाकर पौधों को जीवनदान देने हेतु श्रमदान किया गया। के.एन. महाविद्यालय के जयप्रकाश पटेल, मनीष चंद्रा, वर्णीता सीमा बखला आदि स्वयंसेवकों ने गोदग्राम के नलकूप तथा स्नानागार के पास खरपतवारों को हटाकर बस्तीवासियों को स्वच्छता की सीख दी। स्वच्छता ही सेवा अभियान देश को संस्कारवान, समृद्ध बनाते हुए विकसित भारत बनाने की दिशा में अग्रसर करने का यह कार्यक्रम है। जिसमें जन भागीदारी तथा सामाजिक चेतना को शामिल करते हुए करुणा लहरे, अंजली यादव, धारणा केवट, राहुल पूर्ति आदि स्वयंसेवकों ने भादावासियों को स्वच्छता के प्रति अधिक सजग और बीमारियों से दूर रखने प्रेरित किया। दिवा शिविर के दौरान ग्राम की मितानिन निशा यादव, कुमुदिनी यादव, किशन यादव, फिरत राम यादव ने भी सहयोग किया। करतला ब्लाक के तरदा पंचायत के भाटापारा स्थित सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र में देवांश कुमार तिवारी, पूजा केवट, तेजस, अश्विन लकड़ा ने कार्यकर्ता सरोजिनी चैहान के साथ मिलकर फलों, सब्जियों तथा बाड़ी से मिलने वाले पोषक उत्पादों को एकीकृत कर सलाद सजाकर पोषण त्यौहार मनाया।

# शासकीय अधिकारियों के घरों के ताले टूटे, लाखों के जेवरात, नगदी पार

**रायगढ़(विश्व परिवार)।** खरसिया के हाउसिंग बोर्ड की शासकीय आवास में बीती रात अज्ञात चोरों ने दो अफसरों के घर के ताले तोड़कर 43 हजार 8500 रुपए पार कर दिया है। मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। घटना खरसिया चौकी क्षेत्र की है। पहली घटना: खरसिया के हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में पीएचई विभाग में उप अभियंता के पद पर पदस्थ उमा सिदार 26 सितंबर की सुबह करीब 10 बजे अपनी दीदी हेमलता सिदार के साथ पारिवारिक कार्यक्रम के लिए गांव गई थी। जब वो वापस घर पहुंची, तो ताला टूटा मिला। सभी सामान बिखरे पड़े थे। अलमारी का लॉकर भी टूटा था। चोरों ने उसमें रखे 70 हजार कैश सहित 1 लाख 63 हजार 500 रुपए के सोने-चांदी के जेवरात को पार कर दिया था। जिसकी शिकायत उमा ने खरसिया चौकी में दर्ज कराई है। दूसरी घटना: ग्राम साजापाली में प्रधान पाठक के पद पर पदस्थ घनश्याम पटेल की पत्नी धमरजयगढ़ क्षेत्र में अतिथि शिक्षक है। वो बीच-बीच में खरसिया के मदनुपर स्थित क्वार्टर में आना जाना करती है। करीब सप्ताह भर पहले शिक्षक खरसिया से अपने बाइक पर अपनी पत्नी के यहां गया था। बारिश होने के कारण रुक गया। 27 सितबंर को उसे पता चला कि उसकी कॉलोनी में चोरी हुई है। पुलिस ने दोनों ही मामले में अज्ञात चोरों के खिलाफ धारा 305 बीएनएस 331 (4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। बताया जा रहा है कि आरोपियों की तलाश की जा रही है। एक ही रात में दो घरों का ताला टूटने से पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था की पोल खुल गई है।

# नशा मुक्त बनाने लोगों को करें जागरूक-कलेक्टर

**रायगढ़(विश्व परिवार)।** कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के अध्यक्षता में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा संचालित नशा मुक्त भारत अभियान की जिला स्तरीय समिति गठित होने के पश्चात आज पहली बैठक आयोजित हुई। अभियान का उद्देश्य मादक द्रव्यों के सेवन की समस्या से निपटने के लिए पहल किया जा रहा है। जिसके तहत समाज को नशा मुक्त बनाने की दिशा में जागरूकता कार्यक्रम, परामर्श सेवाओं और क्षमता निर्माण को शामिल किया जा रहा है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल भी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि जिले को नशा मुक्त बनाने के लिए नशा के दुष्परिणाम के संबंध में जानकारी देते हुए लोगों को जागरूक करें। इसके लिए नशीली दवाईयों की आपूर्ति को रोकना एवं नशा किए जाने वाले स्थानों का चिन्हांकन करना महत्वपूर्ण है ताकि प्राथमिक तौर पर नशा सेवन को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति केंद्र में आने वाले व्यक्ति जब नशा मुक्त होकर लौटे तो उनका मॉनिटरिंग करें ताकि वह व्यक्ति पुन: नशे की चपेट में ना आए। इसके साथ ही ऐसे व्यक्तियों का आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, राशन कार्ड, श्रम कार्ड जैसे शासन की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करना भी सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि व्यसन मुक्ति एवं पुनर्वास केन्द्र में आने वाले व्यक्तियों का संस्था स्टैण्डर्ड मेडिकल टेस्ट सूची बनाते हुए टेस्ट करवाएं, ताकि किसी प्रकार की स्वास्थ्यगत समस्या होने पर समय पर इलाज सुनिश्चित किया जा सके। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि नशा मुक्ति हेतु समिति कार्य योजना बनाकर वार्षिक कैलेंडर अनुसार नशा मुक्ति पर कार्यक्रम आयोजित किया जा सके। कलेक्टर श्री गोयल ने शिक्षण संस्थानों के 100 मीटर की सीमा में सिगरेट, गुटखा एवं मादक पदार्थ के विक्रय एवं प्रचार पर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। एसपी श्री दिव्यांग पटेल ने कहा कि नशीली दवाईयां एवं मादक पदार्थों के सप्लाई एवं सेवन किए जाने वाले स्थान के संबंध में टोल फ्री नंबर 112 में जानकारी दे सकते है, ताकि आवश्यक कार्रवाई की जा सके ।

# मुख्यमंत्री ने प्रत्येक हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों को आवास की चाभी सौपी

गोपाल सिंह विद्रोही



**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सूरजपुरजिले के भैयाथान, ओडगी, प्रतापपुर, प्रेमनगर, रामानुजनगर और सूरजपुर जनपद के पात्र हितग्राहियों श्री संतोष कुमार पिता श्री रामाशंकर, श्री बृजलाल पिता श्री बुधराम, श्री देवशरण पिता श्री हीरा साय, श्री बीरसाय पिता श्री बैजनाथ, श्रीमती सुखमनिया पति/पिता श्री लक्ष्मण, श्री बरातु पिता श्री रंगु को आवास की चाभी सौंपी गई।

सक्षम सूरजपुर अंतर्गत संचालित डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन वैन का मुख्यमंत्री श्री साय ने किया अवलोकन

मुख्यमंत्री श्री साय ने आज सूरजपुर अग्रसेन स्टेडियम में अयोजित कार्यक्रम में सक्षम सूरजपुर अतंर्गत डिजिटल साक्षरता अभियान के तहत् संचालित डिजिटल बस का अवलोकन किया। सक्षम सूरजपुर अंतर्गत जिले में डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन वेन (डिजीटल बस) संचालन किया जा रहा है। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में 12 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के विद्यार्थियों को नि:शुल्क डिजिटली शिक्षा देने और बच्चों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने के लिए यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके द्वारा जिले के बड़ी ग्रामीण जनसंख्या को डिजिटल तकनीकों के संबंध में जागरूक करने के साथ डिजिटल उपकरणों के संबंध में जानकारी प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया है। डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन वेन छ.ग. राज्य अंतर्गत जिला सूरजपुर प्रथम जिला है जहां डिजिटल बस ने जिले के 06 विकासखण्डों में भ्रमण कर डिजिटल साक्षता से लोगों को अवगत कराया और जागरूक किया जा रहा है। इस बस के द्वारा डिजिटल बैंकिंग से लेकर साईबर सिक्योरिटी पर शिक्षा दी जा रही है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत बेसिक आईटी शिक्षा और साइबर सिक्योरिटी में सर्टिफिक्रेट कोर्स कराकर प्रमाण पत्र भी दिया जा रहा है।

**अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर विशेष स्वास्थ्य शिविर का मुख्यमंत्री ने किया अवलोकन-** अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में वृद्धजन एवं दिव्यांगजनों को स्वास्थ्य लाभ पहुचाने विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा मरीजों का खून, बीपी, शुगर, गठिया, हृदय, श्वास संबंधी, दंत एवं नेत्र, नाक, कान, गला सहित अनेक बीमारियों का जांच कर उन्हें स्वास्थ्य लाभ प्रदान किया गया। साथ ही उन्हें आवश्यक परामर्श एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने हेतु प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय द्वारा वृद्धजनों को स्वास्थ्य कार्ड एवं सिकलसेल मरीजों को सिकल सेल पहचान कार्ड का वितरण भी किया गया। गौरतलब है कि वृद्धजनों को नियमित स्वास्थ्य लाभ दिलाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा अभिनव पहल करते हुए 60 वर्ष से अधिक आयु के वृद्धजनों हेतु वृद्धजन स्वास्थ्य कार्ड बनाने की शुरुआत शिविर में किया गया ताकि वृद्धजनों को विभिन्न प्रकार की जांच व उपचार की सुविधा नि:शुल्क प्रदान की जा सके। इस अवसर पर जिले के समस्त पंजीकृत निजी चिकित्सालय के प्रतिनिधियों द्वारा आज मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के समक्ष वृद्धजनों के स्वास्थ्य हित में सभी पंजीकृत निजी चिकित्सालयों में वृद्धजनों को नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने संकल्प पत्र प्रस्तुत किया गया।

**विभागीय स्टालों का अवलोकन कर हितग्राहियों को किया सामग्री एवं चेक का वितरण-** कार्यक्रम के दौरान जिले में शासन के विकास कार्यो पर आधारित विभागीय स्टालों का अवलोकन भी मुख्यमंत्री द्वारा किया गया। इस दौरान समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास विभाग, मत्स्य पालन, कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्टॉल लगाए गए। मुख्यमंत्री श्री साय ने सभी स्टॉलों का अवलोकन कर स्टॉल में मौजूद हितग्राहियों को विभिन्न योजनांतर्गत सामग्री एवं राशि चेक का वितरण किया।

## संक्षिप्त समाचार

### चोर गिरोह ने की 15 बकरी चोरी, ग्रामीणों ने दौड़ाया

**कोरबा(विश्व परिवार)।** कोरबा जिलान्तर्गत ग्राम पोड़ी-उपरोड़ा और पाली विकासखंड में बकरी चोरी की घटनाएं पिछले कई साल से सामने आ रही है, लेकिन अभी तक चोरों का गिरोह पुलिस की पकड़ में नहीं आ पाया हैं। चोरों ने पुन: एक ग्रामीण की कोठी में धावा बोलकर ताला तोड़ दिया। कोठी से 15 बकरा-बकरियों की चोरी कर भाग गए। बकरी का पालन करने वाले परिवार ने चोरों को जंगल के रास्ते काफी दूर तक दौड़ाया लेकिन चोर पकड़ में नहीं आए। घटना विकासखंड पाली अंतर्गत ग्राम राहा की बताई जा रही हैं। ग्राम में रहने वाले ग्रामीण जगदीश सिंह मरकाम का परिवार बकरियों को पाल इसकी बिक्री करता है। परिवार के सदस्य भी इस कार्य में एक-दूसरे का साथ देते हैं। घर की कोठी में मरकाम परिवार 15 बकरियों को रखकर ताला लगा दिया था। इस बीच चोरों का गिरोह पहुंचा। अर्धरात्रि गिरोह ने कोठी का ताला तोड़ यहां से बकरियों की चोरी कर अपनी गाड़ी में भरना शुरू किया। जब चोर बकरियों को उठाकर अपनी गाड़ी में भर रहे थे तब बकरियां चिल्ला रहीं थी। आवाज सुनकर परिवार के सदस्यों की नींद खुली। सदस्य बाहर निकले तब उन्होंने बकरियों को गाड़ी पर रखते हुए देखा। परिवार ने जोर-जोर से चिल्लाकर ग्रामीणों को एकत्र करने का प्रयास किया तब तक गिरोह फरार हो गया। मरकाम परिवार की ओर से बाइक पर बकरी चोरों का पीछा किया गया लेकिन चोर पकड़ में नहीं आए। ग्राम बनवार की रास्ते जंगल की ओर भाग गए। मामले की सूचना चैतमा चैकी को दी गई। पुलिस अपराध दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

### बाजार में पुलिस ने चलाया जागरुकता अभियान

**कोरबा(विश्व परिवार)।** कोरबा जिलान्तर्गत कोरबी चैकी पुलिस ने हाट बाजारों एवं विद्यालयो में कोरबा जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के दिशा-निर्देश में लोगों को जागरूक किया जा रहा है। जनप्रतिनिधि, वाहन संचालक, विद्यालयीन छात्रों सहित ग्रामीण क्षेत्रों के महिलाओं को चैकी क्षेत्र के अंतिम छोर में स्थित ग्राम पंचायत सिरमिना में सप्ताहिक बजार के दिन उपस्थित लोगों को जागरूक किया गया। वर्तमान में वाहन बुकिंग करवा कर उसकी चाकू मारकर लूट सहित अन्य घटनाओं को देखते हुए जिलों में हुई घटना के संबंध में लोगों को बताया गया। किस गलती के कारण वहां घटना घटित हुई, इसके बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। सजग कोरबा के तहत पैंपलेट वितरण कर अपील कर उन्हें जागरूक किया गया।

### नदी में डूबकर युवक की मौत

**कोरबा(विश्व परिवार)।** देवरमाल ग्राम में रहने वाले एक युवक की नदी में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। वहीं पीएम पश्चात शव परिजनों को सौंप दिया है। सूत्रों ने बताया कि 30 वर्षीय मृतक का नाम सतीश पटेल है। बताया जा रहा है कि सतीश पटेल नहाने के लिए नदी गया था। नहाने के लिए उसने डुबकी लगाई, लेकिन काफी देर तक वह बाहर नहीं आया। लोगों ने जब उसकी तलाश शुरू की तो वह पानी में डूबा हुआ मिला। उसे बाहर निकालकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामला उरगा थाना क्षेत्र का है। मृतक के बड़े भाई शत्रुघ्न पटेल ने बताया कि मृतक सतीश पटेल बचपन से ही तैरना जानता था, नदी नालों और तालाब में अक्सर तैराकी किया करता था। लेकिन उसके साथ ऐसा क्या हुआ कि उसकी मौत हो गई यह उसके भी समझ से परे हैं। मृतक सतीश की शादी को महज 5 साल हुए हैं और वह पेंटिंग का काम करता था। उसके दो बेटे हैं जो पढ़ाई कर रहे हैं। घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है, वहीं मामले में पुलिस ने मर्ग पंचनामा की कार्रवाई पूरी कर ली है।

### मन की बात कार्यक्रम के साथ सदस्यता अभियान में जुटे

**कोरबा(विश्व परिवार)।** आज भारतीय जनता पार्टी मंडल दीपिका के बूथ क्रमांक 121-122, प्रगति नगर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात को जिला कार्य समिति सदस्य एवं पार्षद, शक्ति केंद्र संयोजक अरुणीश तिवारी के नेतृत्व में सुना गया। इस अवसर पर मन की बात सदस्यता अभियान के तहत बूथ में 100 नए सदस्य बनाने का कार्य भी किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शक्ति केंद्र संयोजक धर्मेंद्र शुक्ला, भरत जायसवाल, बलदाऊ चंद्र, सुखनंदन निर्मालकर, विजय द्विवेदी, धनीराम, सतीश भारद्वाज, बैसाखू लाल,ओ सी गुप्ता सहित अन्य कार्यकर्ता भी शामिल हुए। सभी ने मन की बात को सुना और सदस्यता अभियान में भाग लिया।मन की बात में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने देशवासियों से स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की अपील की और ट्रिपल आर (रीसायकल, रिन्यू और रिड्यूस) पर जोर दिया। इसके साथ ही उन्होंने विकास के साथ-साथ अपनी विरासत को संजोए रखने की आवश्यकता पर भी बल दिया।

## संपादकीय

# वनों के आकार में बड़ी वृद्धि का वादा

पर्यावरणविदों के मुताबिक 2001 में भारत ने वनों के वर्गीकरण के नियमों में बदलाव कर दिया था। पर्यावरणवादी संगठन नेचर कंजर्वेशन फाउंडेशन के मुताबिक सरकारी आंकड़ों में दिखाई गई वन वृद्धि मुख्य रूप से वन' की परिभाषा बदलने के कारण हासिल हुई है। नेशलन ग्रीन ट्रब्यूनल (एनजीटी) जांच कर रहा है कि क्या सरकारी दावों के विपरीत भारत में प्राकृतिक जंगल तेजी से घट रहे हैं। सरकार ने यह कहानी दुनिया भर में फैलाई है कि पिछले दो दशकों में भारत के हरित क्षेत्र में भारी वृद्धि हुई है। एनजीटी में मई में दर्ज एक मामले में कहा गया कि सरकार का ये दावा गलत है। मुकदमे में कहा गया है कि पिछले 24 साल में भारत ने 23,000 वर्ग किलोमीटर पेड़ों का आवरण खो दिया है। इस आंकड़े का स्रोत ग्लोबल फॉरेस्ट वॉच गया है, जो एक स्वतंत्र संगठन है और उपग्रह से ली गई तस्वीरों से विश्व भर के जंगलों समय में आंकड़े प्रकाशित करता है। हाल की तस्वीरों से पता चला कि 2013 से 2023 के बीच भारत में 95 फीसदी पेड़ों का नुकसान प्राकृतिक जंगलों में हुआ है। जबकि सरकारी आंकड़ों में दिखाया गया है कि 1999 से भारत का वन क्षेत्र बढ़ा है। सरकार की पिछली रिपोर्ट के अनुसार 2019 से 2021 के बीच वन और वृक्ष आवरण में 2,261 वर्ग किलोमीटर की वृद्धि हुई। सरकारी आंकड़ों का विश्लेषण करने वाले पर्यावरणविदों का कहना है कि आंकड़ों में यह अंतर्विरोध इसलिए है, क्योंकि 2001 में भारत ने वनों के वर्गीकरण के नियमों में बदलाव कर दिया था। पर्यावरणवादी संगठन नेचर कंजर्वेशन फाउंडेशन के मुताबिक सरकारी आंकड़ों में दिखाई गई वृद्धि मुख्य रूप से %वन' की परिभाषा बदलने के कारण है। नई परिभाषा में वनों के बाहर के हरे क्षेत्रों को भी शामिल कर लिया गया है। इस मामले में भारत की साख दांव पर है। भारत ने 2070 तक शून्य उत्सर्जन हासिल करने का लक्ष्य घोषित करते हुए अपने वनों के आकार में बड़ी वृद्धि का वादा किया है। अगर एनजीटी में पर्यावरणवादी अपने केस को पुष्ट करने में सफल हो जाते हैं, तो भारत के इस दावे पर गंभीर सवाल उठ खड़े होंगे कि 2070 का लक्ष्य पाने की दिशा में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। भारत की कुछ ऐसी कहानियां पहले भी तथ्यों की रोशनी में संदिग्ध हो चुकी हैं।

# आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज ने हथकरघा से दिखाई स्वावलंबन की राह





### ब्रह्मचारी रौनक भैया जी

गांधीजी की अहिंसा और स्वालंबन की ज्योत से हमारे देश को स्वतंत्रता मिली। परंतु आधुनिकता की चका चौंद में शायद हमारे देश वासी मूल भूत सिद्धांतो को भूलने लगे थे। परंतु आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज ने उन सिद्धांतो की ज्योत में नई ऊर्जा भर दी और फलस्वरूप मध्यप्रदेश में हथकरघा प्रकल्प का उद्भव 2015 में हुआ। देखते देखते यह अलख को 6 जेलों में भी कैदियों को प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार का साधन जेल में ही उपलब्ध करवाया। न केवल स्वयं में आत्मविश्वास का सिंचन हुआ, अपितु उनके परिवारों को मेहताना का लाभ बैंक के खातों से मिलने लगा । जहां यातनाएं होती थी, अब वहां प्रार्थना होती है, तो उसे जेल जैसे कहेंगे? यह भाव थे अच्छा महाराज के जब उन्होंने बंदियों के उद्धार हेतु हथकरघा की प्रेरणा बालब्रह्मचारी भाईयो को दी। इसी श्रृंखला में बिनाबरहा और कुण्डलपुर में भी ग्राम के दमोह जिले का एक छोटा सा गांव है पर यहां भी अब चंदेरी, महेश्वर और वनारस कि तर्ज पर घर-घर हथकरघा चलाए जाने लगे हैं।

यह सब कुछ संभव हो पाया जैन संत आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की दृष्टि से... दरअसल कुंडलपुर जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ भगवान के अत्यंत प्राचीन मंदिर के लिए विश्व विख्यात है यहां पर भारत के कोने-कोने से यात्री आते हैं।

आचार्य श्री के आर्शीवाद से प्रारंभ हुई संस्था श्रमदान में ग्रामीण युवा प्रशिक्षण लेते हैं और थोड़े से अभ्यास के बाद ही ये युवा ?400-?500 प्रतिदिन का काम करने में सक्षम हो जाते हैं।

इनमें से कई युवाओं ने अपनी गृहणियों को भी हथकरघा सिखा दिया है। परिणाम यह हुआ कि उनके घर दूसरा निःशुल्क हथकरघा भी आ गया। ऐसे कई पति-पत्नियां हैं जो मिलकर 30-40 हजार रुपए हर माह कमा रहे हैं।

वास्तव में ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए इससे अच्छा मॉडल और नहीं हो सकता। लोगों को अपने गांव में ही रोजगार भी मिल गया, प्रकृति को हानि भी नहीं पहुंची और हमारी बहुमूल्य प्राचीन कला का संरक्षण भी हो गया; इसे कहते हैं एक पंथ बहु काज

### आचार्य श्री के सानिध्य में दिया गया था सौ-वां हथकरघा

पिछले महीने छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ में विराजमान जैन संत आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के सानिध्य में कुंडलपुर से लगे मढ़िया टिकैत गांव के नवयुवक महेश बर्मन, मोहराई गांव के रामरतन ढीमर, अशोक नगर से लगे कचनार गांव के कपिल सेन एवं गौरव सेन को हथकरघा दिया गया।

### आचार्य श्री के सानिध्य में हथकरघा अनुबंध भेंट करते हुए

आचार्य श्री ने इन नवयुवकों को समझाते हुए कहा कि अपने आसपास और जो फालतू युवा घूम रहे हैं उनको भी हथकरघा सिखाओ अपने घर की महिलाओं को भी हथकरघा सिखाओ किंतु ध्यान रखना कि कमाया हुआ धन व्यसनों में ना चला जाए उसका सदुपयोग करना। गुरु मुख से यह शिक्षा सुन यह सभी लोग धन्य हो गए।

### कला बहत्तर पुरुष की ता मैं दो सरदार

एक जीव की जीविका, एक जीव उद्धार ।।

ये वचन हैं एक जैन संत के और इनका अर्थ भी आसान है कि कहने को तो इंसान के सीखने के लिए बहुत सारी कलाएं हैं पर उनमें दो ही प्रमुख हैं एक जिससे वह रोज़ी-रोटी कमा सके और दूसरी जिससे वह संसार से मुक्त हो सके।

वास्तव में देखा जाए तो आज दुनिया भर की सरकारों के समक्ष यह चुनौती है कि हर हाथ को काम कैसे मिले और इसके लिए वह हजारों करोड रुपए खर्च कर कर भी सभी लोगों को आजीविका के योग्य कौशल नहीं सिखा पा रहे हैं। इस गंभीर समस्या का आसान सा समाधान एक जैन संत आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के द्वारा दिया गया। उन्होंने कुछ उच्च शिक्षित युवाओं को प्रेरणा दी कि ग्रामीण इलाकों में वसी युवा पीढ़ी को हाथ से कपड़ा बनाने की कला सिखाई जाए। इससे उन्हें अपने घर में ही खेती के साथ एक रोजगार मिल जाएगी। उनकी रोजगार को सुनिश्चित करने के लिए श्रमदान नामक एक संस्था की स्थापना की गई। इस संस्था में ग्रामीण युवक प्रशिक्षण लेने के लिए आते हैं और कुछ ही महीनों में वे वस्त्र निर्माण कि विविध कलाओं में निपुण हो जाते हैं। और उन्हें घर पर कपड़ा बुनाई करने के लिए एक हथकरघा दे दिया जाता है, वो भी निःशुल्क.... 150 करोड़ की आबादी वाले और 6 लाख गांवों वाले हमारे इस भारत की सारी समस्याओं का हल आखिरकार कुटीर उद्योग से ही निकल कर आएगा जिससे किसी ग्रामवासी को रोजी रोटी के लिए शहरों में संघर्ष नहीं करना पड़ेगा और हमारा देश पुनः सोने की चिड़िया बन जायेगा स्मार्ट सिटी तो हमने बना लीं अब बारी है स्मार्ट विलेज की।

## आलेख

# एक देश-एक चुनाव

### अजय दीक्षित

15 अगस्त को लाल किले से अपने भाषण में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि देश में विधानसभाओं, लोकसभा और स्थानीय निकायों के चुनाव एक साथ होने चाहिए । इससे समय और पैसे की बचत होगी । बात तो बिल्कुल ठीक लगती है परन्तु अनेक विपक्षी पार्टियां इस का विरोध कर रही हैं । असल में चुनाव के दौरान आचार संहिता लग जाती है जिस कारण केन्द्र और सम्बन्धित राज्यों के विकास काम रुक जाते हैं । सरकारी कोई लाभकारी नीति की घोषणा नहीं कर सकती । इस कारण गरीब पक्ष को लाभ नहीं मिलता । फिर चुनाव कराने में करोड़ों रुपये खर्च होते हैं । उसकी भी बचत होगी । असल में सन् 1952 से लेकर 1967 तक लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ हुये थे । बाद में विधानसभाएं भंग होने के कारण या राज्यपाल शासन लग जाने से यह व्यवस्था बिगड़ गई । यूं लोकसभा के चुनाव भी कई बार पांच साल में दो या तीन बार कराने पड़े थे ?। अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार एक साल में गिर गई तो फिर चुनाव कराने पड़े । 2004 में अटल बिहारी वाजपेयी ने जल्दी इस्तीफा दे दिया तो पांच साल से पहले चुनाव करवाने पड़े । पैसे के अलावा संसाधनों का बेहतर प्रयोग होगा यदि राज्य और केन्द्र के चुनाव एक साथ हों । असल में इस समय देश में अट्ठाईस राज्य और आठ केन्द्र शासित प्रदेश हैं । केवल दो केन्द्र शासित प्रदेशों में चुनी हुई सरकारें हैं -- दिल्ली और पांडिचेरी । इस प्रकार कुल 30 विधानसभाएं हैं । इसमें 15 राज्यों में भाजपा की सरकार है । गठबन्धन का मुख्यमंत्री है । शेष 13 राज्यों में भाजपाई मुख्यमंत्री हैं । इसमें भी कुछ राज्यों में भाजपा अपनी भागीदारी मानती है । असल में 1967 तक बहुत सी रीजनल पार्टियां हारी नहीं थी । आज स्थिति यह है कि अनेक राज्यों में उनकी अपनी रीजनल पार्टी का वर्चस्व है जैसे पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस, तमिलनाडु में डी.एम.के. । उड़ीसा में बीजू जनता दल । यद्यपि इस बार वह हार गया । उत्तर पूर्व के राज्यों में अपनी-अपनी पार्टियां हैं । आन्ध्रप्रदेश में तेलुगू देशम्, दिल्ली में आम आदमी पार्टी । अभी देखा यह गया है कि वोटर केन्द्र के लिए भाजपा को चुनता है, परन्तु राज्य में स्थानीय पार्टी को चुनता है । एक साथ चुनाव होने पर रीजनल पार्टी का प्रभाव कम हो जायेगा, यह आप विपक्षी दल लगाते हैं । यह भी कहा जा रहा है कि चुनाव आयोग निष्पक्षता से काम नहीं करता । पिछली बार हरियाणा और महाराष्ट्र के चुनाव एक साथ हुए थे । इस बार हरियाणा चुनाव के साथ महाराष्ट्र के चुनाव नहीं हो रहे हैं यद्यपि हरियाणा की तुलना में महाराष्ट्र की विधानसभा का कर्यकाल 20 दिन बाद समाप्त हो रहा है । असल में महाराष्ट्र में इस बार भाजपा अपना मुख्यमंत्री बनायेगी तो शिंदे का क्या होगा? इतने दिन तक बहुत सफल मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस उपमुख्यमंत्री बने रहे । क्या अगले मंत्रिमंडल में शिंदे उपमुख्यमंत्री बनना चाहेंगे । असल में अजीत पवार ने दोनों दरवाजे खोल रखे हैं । वे फिर शरद पवार से मिल सकते हैं । उन्होंने सार्वजनिक वक्तव्य दिया है कि अपनी पत्नी को अपनी बहन के खिलाफ लड़ाकर उन्होंने गलती की है । परन्तु शिंदे अब फिर से पुरानी शिवसेना में नहीं जा सकते । और अपने अकेले दम पर वे इतने विधायक नहीं चुन सकते कि बिना भाजपा की मदद के वे मुख्यमंत्री बनें । यही दुविधा भाजपा के सामने हैं । सीटों के बंटवारे के बाद भाजपा अकेले बहुमत नहीं ला सकती । विपक्षी दलों का कहना है कि चुनाव आयोग झारखण्ड, महाराष्ट्र, हरियाणा, और कश्मीर में जब एकसाथ चुनाव नहीं करा सकता तो पूरे देश में एक साथ चुनाव करायेगा । पूर्व राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में बनी कमेटी ने कई विदेशों का उल्लेख किया है कि वहां सभी निकायों के चुनाव एक साथ होते हैं । परन्तु इसमें कुछ देश भारत के एक जिले के बराबर हैं । फिर वहां वोटरों में जागरूकता भी ज्यादा है । भारत में आजकल राजनीति गाली गलौज पर आ गई है । अभी आम आदमी पार्टी ने आतिशी को अगला मुख्यमंत्री चुना । इस बार भाजपा के प्रवक्ता तरह-तरह की बातें कर रहे हैं । यहां तक की आम-आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल भी मुखर हो गई हैं । असल में अपनी पार्टी के खिलाफ बोलने से पहले उन्हें राज्यसभा से त्यागपत्र देना चाहिये । परन्तु भारतीय राजनीति में मारल कहां है? पिछले दो चुनाव में दिल्ली की विधानसभा में कांग्रेस एक भी सीट नहीं जीत पाई और भाजपा एक बार तीन सीटें और दूसरी बार सात सीटें जीती हैं । पश्चिम बंगाल में भाजपा कुछ भी नहीं कर पाई है ।

# महात्मा गांधी जी की अहिँसा आज अत्यधिक प्रासंगिक

### -डॉ. सुनील जैन

(गांधीजी के सपनों का भारत बनाने के लिए हमें उनके सिद्धान्तों पर चलना होगा। 2 अक्टूबर को उनकी जयंती विश्व अहिंसा दिवस के रूप में मनाते हुए हमें उनके आदर्शों पर चलने के लिए संकल्पित होना होगा। गांधी के विचार विश्व के लिए इसलिए भी प्रासंगिक हैं कि उन विचारों को उन्होंने स्वयं अपने आचरण में ढालकर सिद्ध किया. उन विचारों को सत्य और अहिंसा की कसौटी पर जांचा-परखा.



अहिंसा दिवस 2 अक्तूबर पर सुधी पाठकों के लिए प्रस्तुत है डॉ सुनील जैन संचय का विशेष आलेख- संपादक)

महात्मा गांधी को हमारे देश की आज़ादी में उच्चतम योगदान की वजह से उन्हें राष्ट्रपिता या बापू के रूप में जाना जाता है। 2 अक्टूबर यानी महात्मा ग़ांधी जी का जन्म दिवस।

### पूरा जीवन देश सेवा में लगा दिया


महात्मा गांधी को पूरा देश बापू के नाम से जानता है। बापू का जन्म 2 अक्टूबर 1869 को गुजरात के पोरबंदर नामक स्थान पर हुआ था। उन्होंने आजीवन अहिंसा के रास्ते पर चलते हुए भारत को अंग्रेजों से आजादी दिलाई। उन्होंने अपना सारा जीवन देश सेवा में लगा दिया। ये वो हैं जिन्होंने अहिंसा और लोगों की एकता में विश्वास किया और भारतीय राजनीति में आध्यात्मिकता लायी। उन्होंने भारतीय समाज से छुआछूत को हटाने के लिए, भारत में पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए, सामाजिक विकास के लिए गांवों का विकास करने के लिए आवाज उठाई, भारतीय लोगों को स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया और अन्य सामाजिक मुद्दों के लिए कठिन प्रयास किये। उन्होंने आम लोगों को राष्ट्रीय आंदोलन में भाग लेने के लिए सामने लाया और उनकी सच्ची स्वतंत्रता के लिए लड़ने के लिए उन्हें प्रेरित किया।

### अहिंसा सिद्धांत को गांधी जी ने जनांदोलन बनाया

तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के अहिंसा सिद्धांत को गांधी जी ने जनांदोलन बनाया और देश को अंग्रेजी दासता से मुक्ति दिलाई। इसलिए गांधी जी के जन्म दिवस 2 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय अंहिसा दिवस के रूप में मनाया जाता है। 15 जून 2007 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में 2 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस स्थापित करने के लिए मतदान हुआ ।महासभा में सभी सदस्यों ने 2 अक्टूबर को इस रूप में स्वीकार किया।

गाँधी जी का अटूट विश्वास था कि, अन्याय और अत्याचार का मुकाबला हिंसा से नही बल्की प्रेम, दया, करुणा, त्याग और सत्य से किया जा सकता है। अहिंसा सिर्फ एक उपदेश नही है बल्कि जीवन का क्रियात्मक सिद्धांत है। विश्वशांति, सामाजिक व्यवस्था तथा व्यक्तिगत जीवन संघठन के लिये एक ब्रह्मास्त्र है जिसका प्रयोग परिस्थिती जन्य है एवं आज की प्रासंगिता भी है। दरअसल सर्वधर्म सम्भाव की जीती जागती तस्वीर समझे जाने वाले गांधी जी मानते थे कि हिंसा की बात चाहे किसी भी स्तर पर क्यों न की जाए, परन्तु वास्तविकता यही है कि हिंसा किसी भी समस्या का सम्पूर्ण एवं स्थायी समाधान कतई नहीं है। जिस प्रकार आज के दौर में आतंकवाद व हिंसा विश्व स्तर पर अपने चरम पर दिखाई दे रही है तथा चारों ओर गांधी के आदर्शों की प्रासंगिकता की चर्चा छिड़ी हुई है, ठीक उसी प्रकार गांधीजी भी अहिंसा की बात उस समय करते थे जबकि हिंसा अपने चरम पर होती थी।

गांधी जी शरीर के दुबले-पतले लेकिन आत्मा के महान, शरीर पर कपड़े के नाम पर एक धोती लेकिन दिल के धनी, अपनी बात पर अड़ने वाले परंतु अहिंसा के पुजारी, उनके इन्हीं गुणों के कारण भारत के साथ-साथ पूरा संसार उनके समक्ष



नतमस्तक हो गया।

गांधी जी से प्रभावित होकर प्रसिद्ध वैज्ञानिक आईन-सरोन को यह कहना पड़ा था, ''पीढियां आएंगी और उन्हें यह विश्वास नहीं होगा कि गांधी जी जैसे सादे व्यक्ति ने खून की एक बूंद गिराए बिना ब्रिटिश साम्राज्य की जड़ें हिला दीं।'' ऐसे व्यक्ति का जीवन साधना, त्याग, बलिदान और तपस्या की प्रतिमूर्ति के रूप में आज भी जनमानस के हृदय में सजीव है।

### स्वतंत्रता संग्राम में अप्रितम योगदान

गांधी का भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अप्रितम योगदान था। महात्मा गांधी का व्यक्तित्व बहुआयामी था। वे अत्यंत धार्मिक भी थे और साथ में एक सिद्धहस्त राजनेता भी। वे एक क्रांतिकारी भी थे और समाज सुधारक भी। वे विरोधाभासी और कठिन परिस्थितियों में से भी एक ऐसा रास्ता निकालने में सक्षम थे जो दुनिया को करूणा और प्रेम की राह पर ले जाता है। गाँधी केवल इस युग के महान व्यक्ति नहीं थे अपितु उनका स्थान इतिहास के उन समादरणीय महापुरुषों में है जिन्होंने अपनी कर्तव्यनिष्ठा एवं आदर्शवादिता से सम्पूर्ण मानवता को प्रेरित किया। वैश्विक स्तर पर व्याप्त हिंसा, मतभेद, बेरोजगारी, महंगाई तथा तनावपूर्ण वातावरण में आज बार-बार यह प्रश्न उठाया जा रहा है कि गांधी के सत्य व अहिंसा पर आधारित दर्शन और विचारों की आज कितनी प्रासंगिकता महसूस की जा रही है।

### गांधी जी के विचार आज अधिक प्रासङ्गिक

आज हम गांधी जयंती, पर 'महात्मा गांधी की जय' का नारा तो लगाते हैं, लेकिन उनके द्वारा बताये गए सिद्धांतों पर चलना नहीं चाहते। शायद यही वजह है कि आज का मानव पहले से ज्यादा परेशान दिखाई देता है। आज हर तरफ असत्य, हिंसा, फरेब का बोलबाला है। अगर आज गांधी जी हम लोगों के बीच जीवित होते तो आज के भारत की दशा देखकर उन्हें बेहद निराशा होती।

ऐसे समय में जब पूरे विश्व में हिंसा का बोलबाला है, राष्ट्र आपस में उलझ रहे हैं, मानवता खतरे में है, गरीबी, भूखमरी और कुपोषण लोगों को लील रहा है तो गांधी के विचार प्रासंगिक हो जाते हैं. अब विश्व महसूस भी करने लगा है कि गांधी के बताए रास्ते पर चलकर ही विश्व को हिंसा,द्वेष और प्रतिहिंसा से बचाया जा सकता है। गांधी जी के विचार विश्व के लिए इसलिए भी प्रासंगिक हैं कि उन विचारों को उन्होंने स्वयं अपने आचरण में ढालकर सिद्ध किया। उन विचारों को सत्य और अहिंसा की कसौटी पर जांचा-परखा।


यकीनन गांधी के सिद्धान्तों पर चलकर ही भारत को गांधी के सपनों का भारत बनाया जा सकता है। गांधी जी हम सब के बीच सदैव प्रासंगिक थे, हैं और रहेंगे। गांधी जयंती पर अहिंसा दिवस मनाते हुए हमें गांधी जी के पदचिन्हों पर चलने के लिए संकलित होना होगा, तभी इसको मनाने की सार्थकता है। आज बेशक गांधी जी हमारे बीच नहीं हैं लेकिन आज भी उनकी शिक्षाएं हमारे जीवन में खास महत्व रखती हैं। गांधी जयंती पर हम आजीवन गांधी जी के सिद्धांतों पर चलने का प्रण लें।

# बैठे बिठाए भाजपा को आक्सीजन

### शकील अख़्तर

ताजा प्रसंग हरियाणा का है। वहां कांग्रेसियों ने बैठे बिठाए भाजपा को आक्सिजन दे दी। टिकट बंट गए। लोगों ने नामांकन भर दिए। नाम वापसी की तारीख खतम हो गई फिर अचनानक कुमारी सैलजा को याद आया कि उनके गुट को टिकट कम मिले हैं तो वे जा कर कोपभवन में बैठ गईं। कांग्रेस हाईकमान और ज्यादा खुशामद में लग गया। खुद कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने दो बार सैलजा से मुलाकात की। उनके बर्थ डे पर खूब हंसते हुए जैसे उनके फोटो आमतौर पर दिखते नहीं मिठाई खिलाई। और मुख्यमंत्री पद का आश्वासन दिया। कांग्रेस में क्षत्रप कब पैदा होते हैं? तब जब हाईकमान कमजोर होता है। और क्षत्रपों के ताकतवर होने से क्या होता है? कांग्रेस एक के बाद एक चुनाव हारने लगती है। नेता का अच्छा होना, सरकार से नहीं डरना, आम लोगों से खूब घुलना मिलना अलग बातें हैं। ताजी हवा का झोंका भी है मगर अपनी पार्टी के लोगों से अपनी बात नहीं मनवा पाना, उनके छोटे-छोटे दबावों के सामने झुक जाना अच्छे नेतृत्व की निशानी नहीं है। भारत में नेता घोड़े वाला ही चलता है। नकेल डाले हुए अपने को दमदार दिखाता हुआ। हमारे यहां दुल्हे भी इसीलिए घोड़े पर बिठाकर, तलवार बांध कर, साफा पहने हुए पीछे बारात के साथ ही शोभायमान माने जाते हैं। दुल्हे में दम हो या ना हो मगर हाथ तलवार की मूठ पर ही रहता है। तलवार, घोड़ा और साफा शक्ति के प्रतीक माने जाते है। इसलिए नेता को भी शक्तिशाली दिखना पड़ता है। नरेंद्र मोदी क्यों कहते हैं कि 56 इंच की छाती! और राहुल को क्यों जवाब देना पड़ता है कि अब नहीं रही? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यक्तित्व प्रदर्शन और नेता विपक्ष राहुल गांधी के इसी को तोडने़ की कोशिश में ही राजनीति का सारा खेल है। ममता बनर्जी क्यों रणचंडी बनी रहती हैं? लालू यादव क्यों अपनी खराब सेहत के बावजूद बीच-बीच में आकर गरजते हैं? उद्धव ठाकरे जिनकी छवि एक सज्जन और विनयशील नेता की थी क्यों अब मोदी और अमित शाह को उन्हीं की भाषा में चैलेंज करते हैं ? और यूपी में अखिलेश यादव को क्यों अचानक बदले हुए रूप में सामने आना पड़ा? केवल और केवल जनता के सामने और उससे पहले अपनी पार्टी के बीच में दबंग दिखने के लिए। दबंग आज के समय में खराब अर्थों में प्रयोग होने लगा हो मगर कभी तो न दबने वाले विद्रोहियों के लिए जो गलत लोगो के सामने खड़े होते थे उनके लिए प्रयुक्त होता था, बांके ! आज तो प्रचलन में नहीं रहा। मगर कभी दबंग के बदले बांके प्रयुक्त होता था। भगवतीचरण वर्मा की मशहूर कहानी दो बांके! इस पर बहुत फिल्में विल्में भी बनी हैं। गजब कहानी है। पढ़ कर देखिएगा। अब यह लिखने की तो जरूरत नहीं कि भगवतीचरण वर्मा बहुत बड़े लेखक थे। वैसे आजकल हालत यही हो गई है कि लोगों का पढने़ लिखने से नाता खतम करवा दिया गया है। सत्ता पक्ष में किसी का नाता साहित्य से नहीं है। जिस दिन सुषमा स्वराज ने वाजपेयी के मंत्री के रूप में राज्यसभा में सीपीआईएम की सदस्य सरला माहेश्वरी के प्रेमचंद को कोर्स से क्यों हटाया, के सवाल के जवाब में यह कहा था कि क्या प्रेमचंद, प्रेमचंद करते रहे हैं तो हम समझ गए थे कि यह साहित्य को भी नहीं बचने देंगे। प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने कुछ नहीं बोला। और हमें याद आ गया कि एक ऐसी प्रधानमंत्री थीं जिन्होंने महादेवी वर्मा क्या लिखती हैं, बोलने पर राजस्थान के मुख्यमंत्री जगन्नाथ पहाडिय़ा को हटा दिया था। जी हां इन्दिरा गांधी ने 1981 में। तो कांग्रेस के नेता ऐसे होते थे। शक्तिशाली। आज तो कांग्रेसी राहुल के खिलाफ ही पता नहीं क्या बोल जाते हैं साजिश करते हैं मगर उनसे पूछने वाला भी कोई नहीं होता। पार्टी इसीलिए कमजोर हुई है। ताजा प्रसंग हरियाणा का है। वहां कांग्रेसियों ने बैठे बिठाए भाजपा को आक्सिजन दे दी। टिकट बंट गए। लोगों ने नामांकन भर दिए। नाम वापसी की तारीख खतम हो गई फिर अचनानक कुमारी सैलजा को याद आया कि उनके गुट को टिकट कम मिले हैं। हुड्डा के लोगों को ज्यादा मिले हैं। वे जाकर कोप भवन में बैठ गईं।

## मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज ने प्रातःकालीन धर्मसभा में कहा- ‘आध्यात्मिक साधना’ की शुरुआत जब भी होगी अपने आप से होगी



**इंदौर ( विश्व परिवार )।** दुनिया का यह बहुत बड़ा सत्य है कि बच्चा जब मां के आंचल में जाता है, तो वह दुनिया से बेखबर हो जाता है, उसके हृदय में एक विशेष प्रकार की अनुभूति होती है। उपरोक्त उद्गार मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज ने मोहता भवन रैसकोर्स रोड़पर प्रात:कालीन धर्मसभा में भक्तामर स्त्रोत्र के पांचवे तथा छटवे काव्य की बाचना करते हुये मुनि श्री ने कहा कि आचार्य मानतुंग ने भगवान की स्तुती करते हुये कहते है कि जैसे बिना विचार करे हिरणी अपने बच्चे की रक्षार्थ अपने से अधिक शक्तिशाली सिंह के सामने आ जाती है, उसी प्रकार प्रभु में आपके सामने शक्ती हीन हूं, भक्ती भले ही मेरी है लेकिन वह शक्ति तो आपकी प्रीति से ही मिली है। प्रभु में वुद्धीहीन, शक्ती हीन लज्जाहीन, नादान विचार हीन हुं, दुष्ट हुं दुराचारी हुं जो भी हुं लेकिन में तेरा हुं में जानता हुं कि में तेरी भक्ती के लायक नहीं हुं फिर भी में यह दुस्साहस कर रहा हुं।

मुनि श्री ने कहा कि आध्यात्मिक साधना की शुरुआत जब भी होगी अपने आप से होगी यहां पर अहंकार नहीं है बल्कि प्रभु के प्रति प्रीती है। हे प्रभु में तो आपका भक्त हुं मेरी भक्ती आपकी प्रीती से अभिप्रेरित हो रही है, उन्होंने कहा कि संवेज्ञ में बहूत बड़ी ताकत होती है जब किसी के प्रति क्रोध या प्रीती उभरती है तो व्यक्ति अपनी शक्ति से अधिक बस्तु को भी उखाड़ कर फैक देता है, भाव विशुद्धि युक्त अनुराग ही भक्ती है में बोल रहा हूं, शव्द मेरे मुख से निकल रहे है लेकिन आप ही हो जो मुझसे भक्ती करा रहे हो, मेरी तो उतनी शक्ति ही नहीं आपसे परिचय होंने के पश्चात मेरा परमात्म तत्व आपकी स्तुति करने को उद्धत हो गया है। में ही विशुद्ध आत्मा हुं में ही पमात्मा हूं लेकिन मुझे जैसा होंना चाहिये बैसा अभी में हुं नहीं उन्होंने एक कथानक सुनाते हुये कहा कि एक शेर का बच्चा था वह सियारों के बीच पला बड़ा तो उसकी हालत सियारों जैसी हो गयी उसकी मानसिकता को देख एक शेर को बहूत बुरा लगा उसने एक दहाड़ लगाई तो सारे सियार भाग गये जब वह शेर बच्चा भी भागने लगा तो उसने उस बच्चे के सामने पहुंच गया और कहा कि तुम एक शेर के बच्चे हो और तुम भी मेरे समान दहाड़ लगा सकते हो जब उस शेर बच्चा को समझ नहीं आया तो वह साथ में लेकर नदी के किनारे पहुंचा तो शेर बच्चे की नदी के प्रतिविम्ब पर नजर पड़ी तो उसने देखा कि मुझमें और शेर में कोई अंतर नहीं मेरा और उसका बंश एक है और जैसे ही उस बच्चे ने दहाड़ लगाई तो सियारों के बीच पला बड़ा शेर का शेरत्व जाग गया मुनि श्री ने कहा कि जब भी मन विषयों में आसक्त हो जाऐ तो अपने आपको सुरक्षित करने का सबसे श्रेष्ठ उपाय है भगवान की भक्ती परमात्मा की भक्ती करोगे तो बेड़ापार हो जाऐगा धर्म प्रभावना समिति के प्रवक्ता अविनाश जैन एवं मीडिया प्रभारी राहुल जैन स्पोर्ट्स ने बताया मुनि श्री प्रमाण सागर एवं मुनि श्री संधान सागर महाराज का आज उपवास रहा। मुनि श्री मोहताभवन रैसकोर्स रोड़ पर विराजमान है।मुनि श्री के दर्शन प्रात:7:30 बजे शांतीधारा प्रवचन 8:30 से तथा सांयकाल 5:45 से शंकासमाधान कार्यक्रम संपन्न हो रहा है। धर्म प्रभावना समिति के अध्यक्ष अशोक डोसी महोत्सव अध्यक्ष नवीन आनंद गोधा, महामंत्री हर्ष जैन ने सभी साधर्मी बंधुओ से समय पर पधारने की अपील की है। -**अविनाश जैन**

## वालचंद इंजीनियरिंग कॉलेज सोलापूर के 500 छात्र आचार्य श्री विशुद्धसागर जी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करने और प्रवचन सुनने नांदणी आये



**नांदणी ( विश्व परिवार )।** नांदणी में वालचंद इंजिनिअरिंग कॉलेज, सोलापूर के 500 छात्र चर्या शिरोमणी आचार्य विशुद्धसागर महाराज जी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करने और प्रवचन सुनने आये थे। कॉलेज के छात्रो द्वारा आचार्य विशुद्ध सागरजी महाराज जी को शास्त्र भेट किया गया।

नांदणी मठ में, दिगम्बर जैनाचार्य 108 श्री विशुद्ध सागर जी गुरुदेव ने धर्मसभा को संबोधन करते हुए कहा कि -अंतिम तिर्थेश वर्धमान स्वामी के शासन में हम सभी विराजते हैं। तीर्थंकर भगवान की पीयूष देशना जिनेंद्रवाणी जगतकल्याणी है। यह सर्वज्ञशासन, नमोस्तुशासन जयवन्त हो। जयवन्त हो वितरागी श्रमणसंस्कृती। आचार्य भगवन विशुद्ध सागर जी गुरुदेव ने कहा कि भोजन करने से पहले पेट भर कर पानी पी लिया तो जठराग्नि नष्ट हो जाएगी। भोजन के बीच में पानी बहुत पी लिया तो पानी विष का काम करेगा और भोजन करते समय थोड़ा-थोड़ा पानी पीने से पाणी अमृत का काम करेगा। यहां वस्तु पानी ही है लेकिन प्रक्रिया बदल रही है। आचार्य विशुद्ध सागर महाराज ने कहा कि बादल पानी देते हैं, तो पृथ्वी लहराती है। पानी का काम बहना और बहाना है। विवेक तुम्हारे पास होना चाहिए कि पानी से प्यास मिटाना है। बाढ़ का धर्म बहाना है। विवेक तुम्हारे पास होना चाहिए जब पानी का बहाव है तो बीच में न जाएं। लोग पानी को दोष देते हैं। दोष आपने अपने आप को दिया नहीं, क्योंकि आदत में नहीं है। कांटा भी चुभ जाए तो तुमने कांटे को ही बुरा कहा है। बाढ़ ने बहाया है तो लोग उसे बुरा कह रहे है।

मालूम होना चाहिए पानी नहीं गिरेगा तो भोजन कहां से मिलेगा। पानी का काम गिरना है, तुम्हारा काम संभलना है। मत दो पानी को दोष, बारिश नहीं होगी तो हमारा जीवनयापन कहां से होगा। बारिश गिर रही है तो छाता खोल लो लेकिन बुराई मत करों।

**भेदभाव मत करो, हमेशा मैत्री भाव रखो :** आचार्य श्री ने कहा कि भेदभाव मत करो, हमेशा मैत्री भाव रखो। जीवन में इतना भेद मत कर बैठना कि तुम एक-दूसरे को देखना पसंद न करो। आज संसार में लोग एक दूसरे को नहीं देख पा रहे यह अच्छी बात नहीं है। कभी विषमवाद हो जाए, कभी झगड़ा हो जाए तो निर्णय मत कर लेना। बात कर लेना, क्योंकि भ्रम के कारण बहुत सारे काम बिगड़े हैं।

**कान में कहने वालों पर विश्वास न करना :** आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी गुरुदेव ने कहा कि कान में कहने वालों पर विश्वास न करना। यदि आपको समाज चलाना है, गृहस्थ को अपना गृहस्थ चलाना है, राष्ट्र नेता को राष्ट्र चलाना है, या धर्माचार्य को धर्म चलाना है, कानों में फूंकने वालों पर विश्वास नहीं करना। जो कानों में कहने आए उससे स्पष्ट कहना मुझे सुनाई देता है। कानों में जो कहने आता है वह स्वयं विशेष बनना चाहता है और शंका के घेरे में तुमको डालना चाहता है।

-**अभिषेक अशोक पाटील**

## संक्षिप्त समाचार

### भगवान जिनेन्द्र की भक्ति में लीन हुए श्रद्धालु, आचार्य श्री की वंदना में उमड़ा भक्ति का सैलाब



**भोपाल ( विश्व परिवार )।** आचार्य श्री की वंदना में भक्ति का सैलाब उमड़ा। श्रद्धा भक्ति और आस्था के साथ समर्पित होकर उत्साह उल्लास के साथ भक्तों ने संगीत मय स्वर लहरियों के बीच प्रभु महावीर की भक्ति और कुंडलपुर के बड़े बाबा के दर पर आया हूं, आदि भजनों पर जमकर भक्ति की अवसर था जैन गरबा महोत्सव समिति केतत्वाधान में जवाहर चौक जैन मंदिर परिसर में संगीत में भजन संध्या का भगवान जिनेंद्र के गुणों की वंदना राष्ट्र संत का आचार्य श्री विद्यासागर महाराज की वंदना और उनके दिए गए संदेश की नृत्य नाटिका विद्याधर से विद्यासागर का मंचन किया इस भव्य अयोजन के पुण्यआर्जक थे मनोज जैन इंजीनियर एम आर श्रीमतीसीमा जैन स्पर्श आयुषी मनु सानवी परीवार मीडिया प्रभारी अंशुल जैन ने बताया आयोजक मनोज इंजीनियर एम आर ने समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित किया भक्ति में आयोजन में क्या युवा क्या बच्चे क्या बुजुर्ग सभी प्रभु की भक्ति में तल्लीन नजर आए और आचार्य श्री के जयकारे गूंजते रहे इस अवसर परजैन गरबा महोत्सव समिति के विशेष सदस्य- आशितोष जैन, शुभम जैन अजमेर, लोकेश जैन गोल्ड, सम्यक जैन काकी, अंकित जैन पान मसाला, कपिल जैनमोजूद थे। -**अंशुल जैन**

### 2 अक्टूबर को विश्व अहिंसा दिवस पर अहिंसा एवं शाकाहार पर सर्वधर्म संगोष्ठी का आयोजन

**ललितपुर ( विश्व परिवार )।** अन्तर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस गांधी जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर को समय दोपहर 2 बजे से श्री महावीर दिगम्बर जैन संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय साढूमल में विश्व अहिंसा दिवस पर अहिंसा एवं शाकाहार पर सर्वधर्म संगोष्ठी का आयोजन आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री 108 अक्षयसागर जी महाराज के सान्निध्य में सकल दिगम्बर जैन समाज साढूमल के आयोजकत्व में किया जा रहा है। आयोजकों ने उक्त महत्वपूर्ण आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होने की अपील की है। मुनि श्री अक्षयसागर जी महाराज ससंघ का मंगल प्रवेश प्रात: साढूमल में होगा, जहाँ उनकी भव्य मंगल अगवानी की जाएगी। विश्व अहिंसा दिवस की पूर्व संध्या पर मुनि श्री अक्षयसागर जी महाराज ने कहा कि अहिंसा ही भारतीय संस्कृति है।

## श्री दिगम्बर जैन चंद्रगिरी महातीर्थ में 2 अक्टूबर सामूहिक क्षमा वाणी एवं अहिंसा दिवस के रूप में मनाया जाएगा




**डोंगरगढ़ ( विश्व परिवार )।** प्रात: स्मरणीय संत शिरोमणि समाधिस्थ आचार्य 108 श्री विद्यासागर महाराज जी एवं 108 श्री समयसागर महाराज जी के आशीर्वाद से छत्तीसगढ़ के प्रथम नवोदित श्री दिगम्बर जैन चंद्रगिरी अतिशय महातीर्थ क्षेत्र डोंगरगढ़ में प्रतिवर्ष अनुसार दिनांक 2 अक्टूबर 2024 दिन बुधवार को छत्तीसगढ़ स्तरीय सामूहिक क्षमावाणी एवं अहिंसा दिवस के रूप में मनाया जायेगा। दोपहर 2 बजे आचार्य श्री कि समाधिस्थल पर आचार्य भगवन कि पूजन दोपहर 3 बजे से प्रतिभास्थली ज्ञानोदय विद्यापीठ कि बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं विद्यागुरु संस्मरण सभा का आयोजन किया जायेगा। शाम 4 बजे से सामूहिक क्षमा याचना एवं शाम 5 बजे से सामूहिक वात्सल्य भोज होगा। श्री दिगम्बर जैन चंद्रगिरी तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष सेठ सिंघई श्री किशोर जैन ने छत्तीसगढ़ के सभी दिगम्बर जैन समाज के पदाधिकारियों से निवेदन किया है कि वे सम्पूर्ण समाज के साथ अपनी उपस्थिति देवे एवं उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये आने के पूर्व सूचना देवे जिससे सभी कि सुविधा सुनिश्चित कि जा सके। विनीत श्री दिगम्बर जैन चंद्रगिरी अतिशय महातीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट डोंगरगढ़। -**निशांत जैन**

## श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी 2020) के कार्यान्वयन पर दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के कार्यान्वयन पर केंद्रित दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में विभिन्न शैक्षणिक विभागों के संकाय सदस्यों ने भाग लिया, जो यूनिवर्सिटी के शैक्षिक ढांचे में एनईपी 2020 को एकीकृत करने में शामिल व्यावहारिक कदमों की जानकारी हासिल करने के लिए कार्यशाला में एकत्र हुए।

कार्यशाला की शुरुआत यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार डॉ. सौरभ कुमार शर्मा के संबोधन से हुई, जिसमें उन्होंने एनईपी 2020 के मुख्य पहलुओं पर विस्तार से बताया और भारत की उच्च शिक्षा प्रणाली के लिए इसकी परिवर्तनकारी क्षमता पर जोर दिया। रजिस्ट्रार ने सीखने के लिए अधिक समग्र, लचीले और बहु-विषयक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने के नीति के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने समग्र शैक्षिक अनुभव को बढ़ाने और छात्र परिणामों को बेहतर बनाने के लिए इन परिवर्तनों को अपनाने के महत्व पर जोर दिया।

श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. एस.के. सिंह ने उपस्थित शिक्षकों को संबोधित किया, और यूनिवर्सिटी के अंतर्गत एनईपी 2020 के रणनीतिक कार्यान्वयन पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने राष्ट्रीय मानकों को पूरा करने के लिए नई नीति के साथ अपने पाठ्यक्रम और शिक्षण पद्धतियों को संरेखित करने की यूनिवर्सिटी की प्रतिबद्धता के बारे में बात की। माननीय कुलपति ने इन परिवर्तनों को चलाने के लिए संकाय की क्षमता पर विश्वास व्यक्त किया, जिससे एक समावेशी और समकालीन शिक्षा प्रणाली की ओर एक सहज संक्रमण सुनिश्चित हो सके। कार्यशाला में विस्तृत सत्र शामिल थे, जिससे संकाय सदस्यों को पाठ्यक्रम पुनर्गठन से लेकर बहु-विषयक पाठ्यक्रम शुरू करने तक एनईपी कार्यान्वयन की चरण-दर-चरण प्रक्रिया को समझने की अनुमति मिली। व्यावसायिक प्रशिक्षण, प्रौद्योगिकी एकीकरण और अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने जैसे विभिन्न पहलुओं पर गहराई से चर्चा की गई।

कार्यशाला ने अकादमिक और संकाय को नीति के प्रमुख पहलुओं से जुड़ने और इसके सफल निष्पादन के लिए रणनीति विकसित करने के लिए एक मूल्यवान मंच प्रदान किया।

## अहिंसा सेवा संगठन ने गुरयाना के बच्चों को स्टेशनरी वितरित कर पुरस्कृत किया



### बच्चे नियमित समय से विद्यालय पहुँचकर अनुशासन का परिचय दें : विशाल जैन

### विश्व अहिंसा दिवस की पूर्व संध्या पर महात्मा गाँधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के उपलक्ष्य में हुए कार्यक्रम

**ललितपुर( विश्व परिवार )।** विकासखंड मड़ावरा अंतर्गत संकुल केंद्र पारौल के उच्च प्राथमिक विद्यालय गुरयाना में विश्व अहिंसा दिवस की पूर्व संध्या पर सत्य-अहिंसा के पुजारी महात्मा गाँधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रम हुए। सामान्य ज्ञान, कला, सुलेख, निबंध प्रतियोगिता और उपस्थिति में उत्कृष्ट सहभागिता देने वाले बच्चों को स्टेशनरी में कापी, पुस्तक, पेन, पेंसिल, रंग, रबड़-कटर और ज्यामितीय बॉक्स वितरित किये। इस मौक़े पर संगठन के संस्थापक विशाल जैन पवा ने दोनों महान व्यक्तित्व के प्रासंगिक आदर्श जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सभी बच्चे नियमित समय से विद्यालय पहुँचकर अनुशासन का परिचय दें एवं उच्च गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्राप्त कर देश में अपने माता-पिता का नाम रोशन करें। सहायक अध्यापक संध्या ने राष्ट्र पिता महात्मा गाँधी की 155 वीं एवं जय जवान जय किसान के प्रणेता लाल बहादुर शास्त्री की 120 वीं जयंती धूमधाम से मनाने का आह्वान किया। नरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा पुरस्कार बच्चों के लिये प्रेरणास्त्रोत होते हैं, अहिंसा सेवा संगठन ने सराहनीय कार्य करते हुए बच्चों को स्टेशनरी का वितरण किया है जिससे निश्चित ही बच्चों कर मनोबल बढेगा। शिक्षामित्र हाकम सिंह ने कहा बच्चे देश के नव निर्माण की आधारशिला होते हैं। इस मौक़े पर शिक्षामित्र अनीता तिवारी, विनीता पाठक, रसोईया मल्थूबाई, रतिदेवी, उर्मिला, उमा आदि मौजूद रहे। आभार व्यक्त इंचार्ज प्रधानाध्यापक संतोष कुमार कुशवाहा ने किया।

## पत्रकारिता विश्वविद्यालय में गोद ग्राम की महिलाएं सम्मानित

### पाठ्यक्रम के साथ सामाजिक संवेदनशीलता का ज्ञान जरुरी: प्रो. बल्देव भाई शर्मा



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय, रायपुर के रेडियो संवाद 90.8 FM द्वारा संचालित रेडियो प्रोजेक्ट हिंसा को नो का समापन समारोह आयोजित किया गया।

यह प्रोजेक्ट रेडियो संवाद 90.8 स्नरू एवं स्मार्ट, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में विश्वविद्यालय के गोद ग्राम काठाडीह, दतरेंगा, कांदुल, डोमा, जुलुम, सोनपैरी और टेकारी में आयोजित किया गया था। समापन समारोह में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बल्देव भाई शर्मा द्वारा ग्राम प्रोजेक्ट सुपरवाइजर महिलाओं को मानदेय चेक प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ग्राम काठाडीह से पुष्पा धनकर, दतरेंगा से उषा अवधिया, कांदुल से तिलेश्वरी धुरंधर, डोमा से वेदु भारती, टेकारी से सावित्री पाल, जुलुम से देवकी साहू और सोनपैरी से माहेश्वरी साहू को मानदेय राशि प्रदान की गई।

इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बल्देव भाई शर्मा ने कहा कि विश्वविद्यालय में विद्यार्थी अपने पाठ्यक्रमों के ज्ञान के साथ सामाजिक संवेदनशीलता भी सीखते हैं। रेडियो संवाद के माध्यम से विद्यार्थियों को ग्रामों में लेकर जाया जाता है। वहां पर विभिन्न सामाजिक विषयों पर विद्यार्थी व्यवहारिक ज्ञान हासिल करते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट अतिथि के तौर पर ग्राम पंचायत काठाडीह की सरपंच श्रीमती पार्वती यादव ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा ग्राम काठाडीह में आयोजित किए गए, सभी समसामायिक परियोजनाओं का लाभ ग्रामीणों को प्राप्त हुआ है। कार्यक्रम संयोजक एवं रेडियो संवाद के निदेशक डॉ. नरेन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि सामाजिक संवेदनशीलता पर केन्द्रित रेडियो प्रोजेक्ट हिंसा को नो स्मार्ट नई दिल्ली के सहयोग से विश्वविद्यालय के गोद ग्रामों में संचालित किया गया। इस प्रोजेक्ट के माध्यम से 25 हज़ार से ज्यादा महिलाओं को घरेलु हिंसा से संबधित जानकारी प्रदान कर जागरूक किया गया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव सुनील शर्मा, प्राध्यापक पंकज नयन पाण्डेय, डॉ. राजेंद्र मोहंती, डॉ. नृपेन्द्र शर्मा समेत समस्त शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन इलेक्ट्रॉनिक मीडिया विभाग की छात्राएं दीप्ति एवं खुशबु वर्मा ने किया।

## कारीटोरन में श्रीमजिज्जेन्द्र पंचकल्याणक गजरथ महामहोत्सव 11 दिसम्बर से

### प्रस्तावित मुनि सुप्रभ सागर ससंघ के सानिध्य में. महामहोत्सव की तैयारियां शुरू, पं. महेश जी सुखवती डीमापुर बनेगे भगवान के मातापिता





**ललितपुर ( विश्व परिवार )।** शान्तिनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र कारीटोरन में श्री मज्जिनेन्द्र सहस्त्रकूट 11 फुट उत्तंग खडगासन चौबीसी पंचकल्याणक प्रतिष्ठा गजरथ महोत्सव एवं मानस्तंभ जिनबिम्ब महामस्तिकाभिषेक चर्या शिरोमणि आचार्य श्रेष्ठ विशुद्धसागर महाराज के प्रभावक शिष्य मुनि सुप्रभ सागर, मुनि प्रणत सागर महाराज के सानिध्य में 11 दिसम्बर से 18 दिसम्बर तक भव्यता के साथ आयोजित किया जाना सुनिश्चित हुआ है। उक्त संबंध में महोत्सव समिति अध्यक्ष महेन्द्र जैन मयूर प्रान्तीय चैयरमेन व्यापार मण्डल की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक में व्यवस्थाओं को अन्तिम रूप दिया गया। सभा का मंगलाचरण पं0 माधव शास्त्री शाहगढ द्वारा किया गया। संचालन करते हुए महामंत्री श्रयांस जैन ककरवाहा ने बताया कि मडावरा के सुदूर अंचल में स्थित ग्राम कारीटोरन जहां मूलनायक भगवान शान्तिनाथ अरहनाथ कुन्भुनाथ की अतिशयकारी प्रतिमाए विराजमान है नित्य ही नए नए अतिशय यहां घटित होते रहते हैं। ऐसी भूमि पर मुख्य प्रतिष्ठाचार्य पं0 कमलकुमार कमलांकुर भोपाल सहित 11 प्रतिष्ठाचार्य विद्वानों के निर्देशन में महामहोत्सव की व्यवस्थाओं को अन्तिम रूप दिया जा रहा है। जिसमें भगवान के माता पिता का सौभाग्य क्षेत्र के लिए समर्पित पं0 महेश कुमार जैन श्रीमती सुखवती डीगापुर रहेगे जिन्हें लखनउ में चातुर्मासरत मुनि सुप्रभ सागर महाराज ससंघ का आर्शीवाद मिल चुका है। इसके अतिरिक्त सौधर्म इन्द, कुवेर महायज्ञनायक, यज्ञनायक, ईशान सानतकुमार इन्द ध्वजारोहण कर्ता आदि के चयन की प्रक्रिया चल रही है।

मेलाध्यक्ष महेन्द्र मयूर ने व्यवस्थाओं के संबंध में बताया कि आवास सामान्य वीआईपी, पाण्डाल आदि की व्यवस्थाओं के लिए समिति उपसमिति गठित कर पूर्ण किया जा रहा है। महोत्सव में हजारों की संख्या में धर्मालुजनों के पहुंचने की संभावनाए हैं जिसके लिए शासन प्रशासन से सहयोग लेकर पूर्णकिया जाएगा। मुख्य संयोजक अजित खजुरिया ने जनपद के सुदूर अंचल में स्थिति धार्मिक स्थल पर आयोजित होने वाले महामहोत्सव के लिए क्षेत्र समाज से सक्रिय सहभागिता हेतु आग्रह किया।

प्रतिष्ठाचार्य पं. महेश जैन डीमापुर ने बताया कि सहस्त्रकूट जिनालय एवं मंदिर निर्माण संबंधी कार्य में गति प्रदान कर उसको पूर्ण कराने के लिए समिति कटिबद्ध है जो आगामी दिनों में पूर्ण हो जाएगा। महोत्सव को भव्यता प्रदान करते के लिए शिवप्रसाद शाहगढ़, अनंत सराफ पत्रकार, डॉ. विजय जैन करीटोरन, मनोज जैन ललितपुर लाईव टीवी, का0 जिनेन्द्र जैन, सुदीप मोहनी, राजू रमगढा, मुकेष जैन, नेमीचंद जैन घुवारा, संतोष जैन कारीटोरन, अनुभव कपासिया, नमन सेठी शाहगढ़, संजय खन्ना मडावरा, विजय जैन शाहगढ आदि ने अपने विचार रखे।

स्मरण रहे कि मुनि श्री के सानिध्य में 11 दिसम्बर से 18 दिसम्बर तक पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव सुनिश्चित है जिसमें भगवान का जन्मकल्याणक 13 दिसम्बर को, 16 दिसम्बर को मोक्षकल्याणक एवं गजरथ परिक्रमा, 17 को मानस्तम्भ की प्रतिमाओं का महास्तकाभिषेक कलशारोहण एवं 18 को आध्यात्मयोगी चर्या शिरोमणि आचार्य श्री विशुद्धसागर महाराज का जन्मजयंती समारोह भव्य समापन के साथ सम्पन्न होगा। -**अक्षय अलया**

## संक्षिप्त समाचार

### अवैध शराब बेचने वाले आरोपी की गिरफ्तारी

**धमतरी(विश्व परिवार)।** धमतरी पुलिस चौकी बिरेझर ने अवैध रूप से शराब बेचने वाले एक आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार, पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम मुल्ले के जीजामगांव रोड मोड़ पर एक व्यक्ति पीले रंग के थैले में अवैध शराब रखकर बिक्री कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की और आरोपी शत्रुहन उर्फ पच्चू कोठरे (36 वर्ष) को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से 30 पौवा देशी मशाला शराब, जिसकी कुल कीमत 3,300 रुपये थी, और बिक्री के लिए रखी गई 1,300 रुपये की रकम, मिलाकर कुल 4,600 रुपये की संपत्ति जप्त की गई। आरोपी के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है और उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी।

### बच्चा चोरी के आरोप में तीन महिलाएं गिरफ्तार

**बालोद(विश्व परिवार)।** दल्लीराजहरा थाना क्षेत्र में बच्चा चोरी के आरोप में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है. तीन महिलाएं संदिग्ध अवस्था में बजरंग चौक में झाड़ियों में छिपी थी, जिन्हें वार्डवासियों ने बच्चा चोरी के आरोप में पकड़ा और पुलिस को सूचना दी. तीनों महिलाएं राजनांदगांव की है. बच्चे चोरी के आरोप में दल्लीराजहरा पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. जानकारी के मुताबिक, पकड़ी गई महलाओं का नाम भूरी बाई, साजन बाई और अंजू बाई है. इस मामले में दल्लीराजहरा थाना प्रभारी सुनील तिर्की ने बताया कि तीन महिलाओं को वार्ड 11 के लोगों ने पकड़कर रखा था. पुलिस के पूछताछ में महिलाओं ने कोई सही जवाब नहीं दिया. इसके बाद उन पर कोई बड़ी घटना को अंजाम न दे इस अंदेशे के साथ तीनों को प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए जेल भेजा गया है।

### विधायक ने भालू को खिलाए बिस्किट, वीडियो वायरल

**कांकेर(विश्व परिवार)।** कांकेर जिले के भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मंडावी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। घटना नारागांव की है, जहां विधायक के काफिले के सामने अचानक एक भालू आ गया। विधायक ने काफिला रोककर भालू को बिस्किट खिलाए, जिससे यह दृश्य लोगों का ध्यान आकर्षित कर रहा है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि क्षेत्र में जंगली जानवरों, खासकर भालुओं, की घुसपैठ बढ़ रही है। इस मामले को लेकर वन विभाग ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है, ताकि किसी भी संभावित खतरे से बचा जा सके। यह घटना न केवल विधायक की संवेदनशीलता को दर्शाती है, बल्कि स्थानीय वन्यजीवों के प्रति जागरूकता फैलाने का भी एक अवसर है।

### ठगी का मामला, ग्रामीणों से करोड़ों की धोखाधड़ी

**बलरामपुर(विश्व परिवार)।** बलरामपुर के वाड्रफनगर के चलगली थाना क्षेत्र में करोड़ों रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। ग्रामीणों को पैसे डबल करने के लालच में फंसाकर 30 गांवों से लगभग 20 करोड़ रुपये ठगे गए हैं। पीड़ित ग्रामीणों ने बताया कि ऐप के माध्यम से उन्हें पैसे डबल करने का लालच दिया गया। कई लोगों ने प्रधानमंत्री आवास योजना और धान की फसल गिरवी रखकर भी पैसे लगाए। अब 50 से अधिक ग्रामीणों ने चलगली थाने में शिकायत दर्ज कराई है। ग्रामीणों के अनुसार, इस ठगी का शिकार अन्य लोग भी हो सकते हैं। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है, ताकि आरोपियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जा सके और पीड़ितों को न्याय मिल सके।

### फर्जी ट्रेडिंग एप के नाम पर 21 लाख की ठगी

**जगदलपुर(विश्व परिवार)।** एक बार फिर से फर्जी ट्रेडिंग एप के जरिए ठगी का मामला सामने आया है, जिसमें एक्सिस बैंक के मैनेजर मनोज जोशी 21 लाख रुपए गंवा बैठे. ठगों ने कई गुना रिटर्न का झांसा देकर मनोज से फर्जी एप में निवेश करवा लिया। बोधघाट थाने में दर्ज एफआईआर के मुताबिक, शुरुआत में एप पर मनोज जोशी के निवेश को मुनाफे में दिखाया गया, लेकिन जब उन्होंने पैसे निकालने की कोशिश की तो विड्रॉल नहीं हुआ, जिससे उन्हें ठगी का अहसास हुआ. इसके बाद उन्होंने थाने में एफआईआर दर्ज कराया। बता दें कि इससे पहले भी जगदलपुर में ठगी के ऐसे दो मामले सामने आ चुके हैं, जिनमें पुलिस ने अंतर्राज्यीय गिरोह को पकड़ा था. बस्तर एसपी शलभ सिंहा का कहना है कि पुलिस जल्द ही इस मामले में भी अपराधियों तक पहुंचने में सफल होगी।

# भाजपा मजबूत तो देश बनेगा मजबूत- मंत्री रामविचार नेताम

## नेताम ने आह्वान किया कि अधिक से अधिक हम सबको भाजपा का सदस्य बनाना है



**रामानुजगंज(विश्व परिवार)।** कैबिनेट मंत्री राम विचार नेताम पंडित दीनदयाल उपाध्याय मांगलिक भवन में भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच एक नए अवतार में देखने को मिले जब वे नेता नहीं शिक्षक के समान भाजपा मंडल रामानुजगंज के द्वारा आयोजित सेवा से सदस्यता की ओर अभियान सम्मिलित हुए। वे कार्यक्रम में मंच से उतरकर बिना स्वागत के औपचारिकता के शिक्षक के समान कार्यकर्ताओं के बीच जाकर संवाद किया एवं कई पूरक प्रश्न किया साथी ही साथ सदस्यता को लेकर हसी ठिठोली करते हुए कड़ा संदेश देने का भी काम किया उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि आप भाजपा के नेता एवं भाजपा से निर्वाचित जनप्रतिनिधि है तो आपकी जवाबदारी है कि अधिक से अधिक भाजपा के सदस्य आप बनाएं भाजपा मजबूत बनेगा तो देश मजबूत बनेगा। गौरतलब है कि भारतीय जनता पार्टी जिला बलरामपुर रामानुजगंज के द्वारा सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा से सदस्यता की ओर कार्यक्रम का आयोजन पूरे जिले में हो रहा है इसी के तहत रक्तदान शिविर,स्वच्छता अभियान, आयुष्मान भारत योजना के शुभारंभ के अवसर पर स्वास्थ्य शिविर, एक पेड़ मां के नाम सहित अन्य कई कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे है। इसी कड़ी में बीते दिनों राम विचार नेताम के रामानुजगंज प्रवास के दौरान पंडित दीनदयाल उपाध्याय मांगलिक भवन में सेवा से सदस्यता की ओर अभियान में सम्मिलित हुए एवं उनके द्वारा भाजपा के सदस्य कई लोगों को बनाया। श्री नेताम ने आह्वान किया कि अधिक से अधिक हम सबको भाजपा का सदस्य बनाना है। भाजपा सदस्यता अभियान के प्रभारी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता अरुण केसरी ने सेवा से सदस्यता अभियान की विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि मंडल में 18 शक्ति केंद्र है 2 शक्ति केंद्र शहर में है। संगठन के द्वारा प्रत्येक बूथ में 200 सदस्य बनाने का लक्ष्य मिला है जिसे हम सबको मिलजुल कर पूरा करना है। 80 बूथ में 16 हजार से अधिक सदस्य बनने के लक्ष्य को लेकर हम सब चल रहे हैं। इस दौरान भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष बलवंत सिंह,सुभाष केशरी, भाजपा जिला महामंत्री दीनानाथ यादव, जनपद पंचायत बलरामपुर के उपाध्यक्ष भानु प्रकाश, दीक्षित, भाजपा मंडल अध्यक्ष शर्मिला गुप्ता, पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष तारावती सिंह, विनोद गुप्ता, सुभाष केसरी, उषा गुप्ता, जनपद उपाध्यक्ष बीडी लाल गुप्ता,उपेंद्र यादव, संजय गुप्ता, ललन यादव,भाजयुमो जिला महामंत्री अश्वनी गुप्ता, वरिष्ठ भाजपा युवा मोर्चा के नेता अजय यादव, धर्म प्रकाश केसरी, अजीत गुप्ता भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के अमित गुप्ता,मुकेश केसरी, सिद्धार्थ यादव, नंदकिशोर गुप्ता,आकाश तिवारी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष शैलेश गुप्ता ने किया।

## युट्यूबर और इंस्टा की भीड़ ने फिल्म बलीफुल वेलकम टू बस्तर के ओपन मीट में इनफ्लूंसर एवम इंस्टा ने बड़ चढ़ कर हिस्सा लिया

**रायपुर** ..फ़िल्म बालिफूल वेलकम टू बस्तर इसका निर्माण सौम्या वेंचर के बैनर तले किया गया हैं कार्यक्रम मे विशेष तौर पर सी जी नरेश और उनके टीम डीएनए कि विशेष उपस्थिती, सी जी नरेश , प्रीती सी जी ब्लॉग , एस के गजपाल, तड़ फड़ छत्तीसगढ़, सी जी लाइव, आर के ब्लॉग करण साहू प्रोडक्शन, सी जी राहुल ब्लॉग ब्लॉगर प्रीति साहू , सी जी आनंद, सी जी सुनील, और भी लोगो के अलावा विशेष रूप से फ़िल्म के निर्माता अजय अग्रवाल, ने यूट्यूबर लोगो का शॉल फूलमाला रोज देकर सम्मान किये, इनके आलावा ओमप्रकाश जैन, संतोष मिरि, मिर्जा मक़सूद बेग, दिलीप सोनी, अरविन्द चन्दन, मोनिका जैन फ़िल्म के कलाकार गोविन्द विश्वकर्मा, सुन्दर साहू, दुर्गेश वर्मा, विनोद नेताम, संतोष थापा, मनोज राजपूत, कुशग्र सोलंकी, जय प्रकश पाण्डेय,मेहर खान, सावित्री काहर, लक्ष्मी नाग, प्रमिला रात्रे, पुनीत पाण्डेय, संजय गर्ग विनोद राव, इनके आलावा सांस्कृतिक प्रस्तुति केशव बाग नटराज डांस अकेडॉमी, और गुंजन साहू, और वेदीका साहू कि अनुपम प्रस्तुति दी गई, घर द्वार फ़िल्म के निर्माता विजय पाण्डेय जी के सुपुत्र जय प्रकाश पाण्डेय का विशेष आभार साथ ही कार्यक्रम



स्थल होटल रॉयल प्लेस एवं हमारे फ़िल्म कि टीम संगीत - प्रदीप साठिया, सुक्कू बारिक, गीतकार सुक्कू बारिक, चंदन दीप, कोरियोग्राफर दीलिप बैस, चंदन दीप, करण निहाल गायक/गायिका सुनील सोनी, समीर, मोनिका वर्मा, चंम्पा निषाद, कंचन जोशी, पष्णू बादव, राजेन्द्र साहू, गंगा साहू कलाकार भुनेश साहू, अंजली ठाकुर, गोविंद विश्वकर्मा, हेमा शुक्ला भीखराय साहू, रवि शर्मा, मेहर खान, लीना ठाकुर, जय प्रकाश साहू, पेन्धर मनोज राजपुत, शैलेन्द्र वर्मा, निलेश देवांगन, विनोद नेताम, किरण वर्मा, हेमा मानिकपुरी घनश्याम वर्मा, राजेन्द्र साहू, महेश वर्मा, गंगा साहू, नंव ध्रुव, सोनू धर्मेन्द्र सोनी, संतोष बापा, भानूमति कोसरे, वर्षा साारची सोनिया सायतोडे, लीना ठाकुर, पिंकी साहू, भीम जायसवाल, राजू कौशिक, सन्नी शर्मा, देवकुमार, राजेश, नन्दू दुर्गेश वर्मा, सुन्दरलाल साहू, कुशाना सोलंकी, डॉ. संजय तेलंग, एजाज वारसी, पियूष साहू, योगेश साहू, सुधीर आजाद तम्बोली, विक्की सिंह ठाकुर, अरुण यादव पोस्ट प्रोड् ?क्सन हरिओम फिल्मस् सयपूर फाइटर मास्टर विक्की सिंह राजपूत मेकअप मेन बलदेव संधू, संजय टंडन, मुसद स्वान ड्रेस मेन मनोज मानिकपूरी, मिस्थर साहू प्रोड्क्सन मेनेजमेंट: प्रकाश घुस, मंगासम साहू सहायक डायरेक्टर अदित्य पटेल, ज्वाला सूत्रे वैग्राउण्ड म्युजिक - प्रदीप साठिया, श्याम सारथी, लाईटमैन शैलेन्द्र वर्मा, मिथलेश साहू, कमल साहू, मोहन साहू, नोहर साहू, निरज साहू कहानी संवाद निलेश देवांगन डॉस ग्रुप मनोज राजपुत, एसएम.डॉस ग्रुप माना रिकॉर्डिंग मास्टिंग पुस्वराज सोनकर कैमरामेन डॉ पुनीत सोनकर, मुकेश वर्मा, जय, संपादन डॉ पुनीत सोनकर, जय सिदीकी, डीआई लामेन्द टंडन पियूश साहू पोस्टर डिजाईन मोडल ग्राफिक्स, प्रचार प्रसार योगेश साहू, निलेश मनवीर, स्टील राजेश सोनकर स्पॉट सहयोगी मुकेश अंवानी, सहुल, शानू, भुपेन्द्र, पंकज, धनराज।

## दानी टोला वार्ड में चलाया गया एक युद्ध नशे के विरुद्ध नशा मुक्ति अभियान रैली

**धमतरी(विश्व परिवार)।** आज हमारे वार्ड दानी टोला में अखिल विश्व गायत्री परिवार दानी टोला इकाई गोकुलपुर धमतरी व वार्ड वासियों के सयुक्त तत्वधान में नशा उन्मूलन रैली निकाला गया जिसका शुरुवात भक्तिन गुड़ी चौरा से मुख्य गली होते हुए स्कूल चौक दानी टोला महिमा सागर वार्ड पर विराम हुआ इसअवसर पर गोकुलपुर इकाई समन्वयक श्री गजानंद साहू द्वारा नशा पान के घातक कुप्रभाव पर प्रकाश डालते हुए नशा न करने की अपील की साथ ही स्काउट एवं गाइड जिला धमतरी के जिला अध्यक्ष डॉ गणेश प्रसाद साहू व श्री हिरेन्द्र साहू छ प्रदेश साहू संघ के युवा प्रकोष्ट महामंत्री के द्वारा नशा नाश की जड़ व दुष्प्रभाव पर सारगर्भित जानकारी देते हुए नशा नही करने की अपील किये गए प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ श्री कौशल प्रसाद द्वारा खैनी एक दुर्व्यसन इसके दुष्प्रभाव मनो मस्तिस्क पर कैसा पड़ता है इससे कैसा बचा जा सकता है ।

## कमिश्नर ने किया जगदलपुर तहसील और अनुविभागीय दंडाधिकारी कार्यालय का औचक निरीक्षण

### परिसर की सफाई नियमित करवाने और खाली जगह में गार्डन तैयार करवाने के दिए निर्देश

**जगदलपुर(विश्व परिवार)।** तहसील और अनुविभागीय दंडाधिकारी कार्यालय का सोमवार की शाम कमिश्नर डोमन सिंह ने औचक निरीक्षण किया। उन्होंने तहसील कार्यालय में तहसील न्यायालय जगदलपुर, फ्रेजरपुर, नजूल न्यायालय, भुईया शाखा, नायब नाजिर, आरटीआई शाखा, लोकसेवा केंद्र की सेवाओं का जायजा लिया। उन्होंने राजस्व प्रकरण, दांडिक प्रकरण, सीमांकन के प्रकरण, आरबीसी 6-4 के प्रकरण की लंबित प्रकरणों का संज्ञान लिया। लंबित प्रकरणों में देरी की वजह का भी उन्होंने संज्ञान लेकर प्रकरण के निराकरण में तेजी लाने के निर्देश दिए। इसके बाद कमिश्नर ने अनुविभागीय दण्डाधिकारी के कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने कर्मचारियों से उनके दायित्व की जानकारी ली। एसडीएम कोर्ट का अवलोकन किया। कार्यालय में नगरीय निकाय निर्वाचन की तैयारियों के लिये की जा रही कार्य का भी निरीक्षण किया। उन्होंने रिकॉर्ड रूम का भी जायजा लिया और रिकॉर्ड की बेहतर रख-रखाव के लिए समय समय पर रूम की सफाई करवाने कहा। कमिश्नर ने दोनों कार्यालय परिसर की साफ-सफाई को नियमित करवाने कहा, इसके लिए माह के एक-दो शनिवार को निर्धारित कर सभी कर्मचारी अपने कार्यालय स्थल की साफ-सफाई करने की कोशिश करें। इसके अलावा कमिश्नर ने कार्यालय परिसर के खाली जगह में गार्डन के रूप में विकास करवाने के निर्देश दिए। कार्यालय में कार्यालयीन कार्य से पहुँचे ग्रामीणों से भी चर्चा किए।

## विकासखंड गीदम के ग्राम पंचायत कासोली 2 का आश्रित ग्राम जापोड़ी बना हर घर जल प्रमाणित ग्राम

### धरा को तृप्त करके घर-घर में मुस्कान है लाता'

**दंतेवाड़ा(विश्व परिवार)।** जिला कलेक्टर एवं अध्यक्ष, जिला जल एवं स्वच्छता मिशन मयंक चतुर्वेदी के निर्देशन में एवं कार्यपालन अभियंता एवं सदस्य, जिला जल एवं स्वच्छता मिशन, निखिल कंवर के मार्गदर्शन में विकासखण्ड गीदम के ग्राम जापोड़ी में ''जल उत्सव'' का आयोजन कर ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती कमला नेताम, सचिव श्री सोनाधर यादव द्वारा ग्राम जापोड़ी को ''हर घर जल'' ग्राम घोषित किया गया। इस ''जल उत्सव'' में उल्लासित ग्रामीण जनों के मध्य महिला सरपंच श्रीमती कमला नेताम ने कहा कि हमने कभी सोचा ही नहीं था कि कभी हमारे गांव के हर घर आंगन में नल लगेगा और पीने का साफ पानी मिलेगा। हमारी पीढ़ियां नदी, कुआं, चूआं, हैंडपंप में दूर दूर तक पीने का पानी लाने जाते थे, जल जीवन मिशन के आने से हमारे घरों में जैसे बहुत सारी खुशियां आ गई है और गांव की सभी महिलाएं बहुत खुश हैं। इस ''जल उत्सव'' कार्यक्रम में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सहायक अभियंता श्री देवेन्द्र आर्मो ने ''जल जीवन मिशन'' के शुभारंभ हेतु सभी ग्रामीणों को बधाई देते हुए योजना के संचालन और आवश्यकतानुसार विभागीय सहयोग करने तथा आईएसए जिला परियोजना समन्वयक शिल्पी शुक्ला ने जल संरक्षण के महत्व को बताते हुए जल जीवन मिशन योजना संचालन एवं प्रबंधन हेतु ग्राम जल स्वच्छता समिति, पानी व निगरानी समिति और प्लंबर के जिम्मेदारियों के बारे में बताया। कार्यक्रम में ग्राम प्रतिनिधियों द्वारा योजना संचालन एवं प्रबंधन हेतु श्री वीरेन्द्र कश्यप और श्रीमती ईलो बारसा और प्लंबर कार्य हेतु प्रभुनाथ कश्यप को दायित्व सौंपा गया। इसी क्रम में जल गुणवत्ता जिला परियोजना समन्वयक अंकिता सिंह द्वारा जल गुणवत्ता जांच (एफ्टीके) के द्वारा पेयजल के जांच की विधियों की जानकारी देकर ऑनलाइन एंट्री करने की जानकारी दी गई।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत संयुक्त कलेक्ट्रेट परिसर में की गई साफ सफाई

**दंतेवाड़ा(विश्व परिवार)।** स्वच्छता ही सेवा अभियान पहल का उद्देश्य न केवल स्वच्छता को बढ़ावा देना है, बल्कि सरकारी कार्यालयों में भी कार्यरत अधिकारी कर्मचारियों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना है, ताकि स्वच्छ वातावरण में कार्य करने जज्बा हर कर्मचारी में जागे। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी निर्देशानुसार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्म दिवस 2 अक्टूबर 2024 तक सम्पूर्ण जिले में स्वच्छ भारत अभियान के अन्तर्गत विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इस क्रम में आज कलेक्ट्रेट के संयुक्त कार्यालय परिसर में अपर कलेक्टर ने दिया स्वच्छता का संदेश स्वच्छता अभियान चलाते हुए सभी विभागों अधिकारी व कर्मचारियों के साथ मिलकर कार्यालय परिसर और परिसर में स्थित बगीचे की साफ



सफाई की गई। और वहां मौजूद लोगों को स्वच्छता के बारे में समझाइए दिया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री राजेश पात्रे ने कहा कि 'प्रत्येक व्यक्ति को सफाई अपने दैनिक दिनचर्या में शामिल करना आवश्यक है अत: प्रतिदिन अपने घर और आसपास सफाई रखने हेतु श्रमदान करे। साथ ही अन्य व्यक्तियों को भी स्वच्छता का वातावरण निर्मित करने हेतु प्रेरित करें। इसके अलावा सीईओ दंतेवाड़ा के मार्गदर्शन में भी जनपद सीईओ क्रांति ध्रुव और रोजगार अधिकारी अमित वर्मा सहित अन्य कर्मचारियों ने भी ग्राम पंचायत चितालंका के पीजी कॉलेज, बस स्टैंड, और कॉफी हाउस के पास सामूहिक रूप से श्रमदान कर साफ सफाई कर स्वच्छता शपथ लिया गया।

## मेडिकल कॉलेज के सुरक्षा कर्मियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है कांग्रेस- रेखचंद्र जैन

**जगदलपुर(विश्व परिवार)।** मेडिकल कॉलेज के सुरक्षा कर्मियों से अवैध वसूली एवं अवैधानिक तरीके से काम से निकाले जाने के विरुद्ध कमीश्नर,कलेक्टर,एसपी एवं मेडिकल कॉलेज के डीन से मिलकर पूर्व विधायक एवं संसदीय सचिव रेखचंद्र जैन ने ज्ञापन सौंपा। वहीं अधिकारियों ने जांच कर उचित कार्रवाई करने एवं सभी पात्र सुरक्षाकर्मियों को नौकरी में रखने का आश्वासन दिया। एसपी ने वसूली करने वालों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने का आश्वासन दिया। बाम्बे सुरक्षा कंपनी भोपाल के द्वारा बस्तर के बेरोजगार आदिवासी युवाओं को नौकरी में रखने के नाम से 30-30 हजार रुपए की अवैध वसूली करने की बात सामने आई है। इस अवसर पर जैन ने कहा की बस्तर के बेरोजगार आदिवासी युवाओं के साथ अन्याय सहन नहीं किया जाएगा कांग्रेस पार्टी इनके साथ खड़ी है। उन्होंने वसूली करने वालों के विरुद्ध जल्द से जल्द एफआईआर दर्ज नहीं होने पर आंदोलन करने की बात कही। इस अवसर पर जैन के साथ वरिष्ठ नेता परमजीत जसवाल एवं शहर जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं विधि प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अवधेश कुमार झा उपस्थित रहे।

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
# विश्व परिवार

रायपुर बुधवार 02 अक्टूबर 2024



## व्यापार समाचार

### सैमसंग टीवी प्लस ने चैनल लाइनअप का विस्तार किया, इंडिया टीवी ग्रुप के 4 नए FAST चैनल्स जोड़े

**गुरुग्राम:** सैमसंग टीवी प्लस, जो भारत में सैमसंग का फ्री ऐड-सपोर्टेड स्ट्रीमिंग टीवी सर्विस है, ने इंडिया टीवी ग्रुप के साथ मिलकर चार नए चैनल लॉन्च किए हैं। इस साझेदारी के तहत, इंडिया टीवी ग्रुप के खास CTV चैनल्स – इंडिया टीवी, इंडिया टीवी स्पीड न्यूज, इंडिया टीवी आप की अदालत, और इंडिया टीवी योगा अब सैमसंग टीवी प्लस पर उपलब्ध होंगे। अब दर्शक आसानी से न्यूज़, करंट अफेयर्स, फिटनेस और मनोरंजन के बेहतरीन कार्यक्रम देख सकते हैं। सैमसंग टीवी प्लस एक फ्री स्ट्रीमिंग सर्विस है, जो सैमसंग स्मार्ट टीवी पर पहले से इंस्टॉल होती है। यह सर्विस न्यूज़, खेल, मनोरंजन समेत कई प्रकार के 100 से अधिक लाइव चैनल्स और हजारों फिल्में और शोज़ ऑन-डिमांड उपलब्ध कराती है।

### केदारा समर्थित एजाक्स इंजीनियरिंग लिमिटेड ने सेबी के पास डीआरएचपी दाखिल की

केदारा समर्थित एजाक्स इंजीनियरिंग लिमिटेड, जो कंक्रीट उपकरणों की व्यापक रेंज जैसे इक्विपमेंट्स, सर्विसेज एंड सोलूशन्स के साथ एक अग्रणी कंक्रीट उपकरण निर्माता है, ने प्रारंभिक सार्वजनिक ऑफरिंग (आईपीओ) के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी के साथ ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस के अनुसार, बेंगलुरु मुख्यालय वाली कंपनी की आरंभिक सार्वजनिक पेशकश में बिक्री करने वाले शेयरधारकों द्वारा 2,28,81,718 इक्विटी शेयरों (2.28 करोड़ इक्विटी शेयर) तक की बिक्री की पेशकश शामिल है।

### आईसीआईसीआई बैंक का फेस्टिव बोनान्ज़ा बड़े ब्रांड और प्रमुख ई-कॉमर्स पोर्टल पर आकर्षक डील के साथ धूम मचाने फिर आया वापस

**मुंबई-** आईसीआईसीआई बैंक का सालाना फेस्टिव बोनान्ज़ा इलेक्ट्रॉनिक्स, मोबाइल, फैशन, आभूषण, फर्नीचर, यात्रा, ई-कॉमर्स और डाइनिंग जैसे बड़े ब्रांड पर आकर्षक डील के साथ वापस आ गया है। बैंक के ग्राहक अपने क्रेडिट/डेबिट कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग, कार्डलेस ईएमआई और कंज्यूमर फाइनेंस का उपयोग करके इन ऑफ़र का लाभ उठा सकते हैं और ?40,000 तक की छूट पा सकते हैं। वे अपने क्रेडिट/डेबिट कार्ड का उपयोग करके नो कॉस्ट ईएमआई का लाभ उठाने का विकल्प भी चुन सकते हैं। बैंक आईफोन 16 और एपल के अन्य उत्पादों पर विशेष डील प्रदान करता है। आईफोन 16 की खरीद पर, ग्राहक अपने क्रेडिट कार्ड और अपने क्रेडिट और डेबिट कार्ड के माध्यम से की गई ईएमआई खरीद पर ?5,000 तक का तत्काल कैशबैक प्राप्त कर सकते हैं। आईसीआईसीआई बैंक के क्रेडिट कार्ड धारकों को विशेष रूप से एपल के 'आईफोन फॉर लाइफ' प्रोग्राम के लिए रजिस्टर करने का विकल्प मिलता है। यह उन्हें चुनिंदा आईफोन मॉडलों के लिए 2,497 रुपये से शुरू होने वाली 24 महीने की ब्याज मुक्त किस्तों में भुगतान करने की सुविधा देता है और अगले आईफोन में अपग्रेड करने पर मौजूदा आईफोन के लिए गारंटीड बायबैक विकल्प प्रदान करता है।

### कलर्स के 'खतरों के खिलाड़ी 14' का शानदार समापन हुआ, करण वीर मेहरा ने ट्रॉफी अपने नाम की!

**मुंबई।** दर्शकों को कुछ अभूतपूर्व स्टंट्स के उल्लेखनीय रोलरकोस्टर राइड पर घुमाने के बाद, कलर्स के 'खतरों के खिलाड़ी' ने करण वीर मेहरा को इस सीज़न के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का ताज़ पहनाया। रोमांच के तूफान के बीच, करण वीर मेहरा ने मानवीय क्षमता की सीमाओं से बेहतर प्रदर्शन किया, जबकि कृष्णा श्रॉफ और गश्मीर महाजनी ने क्रमशः पहले और दूसरे रनर-अप की पोजिशन हासिल की। अपराजित सफलता के एक्शन से भरपूर सफर को जारी रखते हुए, भारत के पसंदीदा स्टंट-आधारित रियलिटी शो ने एक बिल्कुल नया ट्विस्ट लेते हुए अपने 14वें सीज़न के सफर में यूरोपीय स्वर्ग, रोमानिया पहुंचा। इस खूबसूरत देश में शो का डेब्यू करके, डर के बैटलग्राउंड ने स्क्रिप्ट को पलटते हुए, ड्रीम डेस्टिनेशन को स्केयर-केशन में बदला दिया जिसने दर्शकों को नौ सप्ताह तक अपनी स्क्रीन से चिपकाए रखा। ऊंचाई से छलांग लगाने से लेकर पानी के अंदर संघर्ष करने तक, हर तरह के परिवहन साधन का इस्तेमाल डर के वाहन के रूप में किया गया, और प्रतियोगियों का पहली बार भालू से आमना-सामना हुआ।

### एसबीआई कार्ड ने सिंगापुर एयरलाइंस के साथ साझेदारी की

**नई दिल्ली:** भारत के सबसे बड़े प्योर - प्ले क्रेडिट कार्ड एसबीआई कार्ड ने सिंगापुर की राष्ट्रीय एयरलाइंस सिंगापुर एयरलाइंस लिमिटेड (एसआईए) के साथ आज क्रिसफ्लायर एसबीआई कार्ड लॉन्च किया। इस अनूठे यात्रा केंद्रित सह-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड को सुपर-प्रीमियम कार्डधारकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है जिसका लाभ ग्राहकों को हवाईयात्रा और जमीन दोनों प्राप्त होगा। एसआईए के इस समूह में सिंगापुर एयरलाइंस, स्कूट एयरलाइन, क्रिसशॉप डॉट कॉम, क्रिस+ लाइफस्टाइल ऐप और पेलेगो शामिल हैं। नए लॉन्च किए गए क्रेडिट कार्ड दो रूपों में उपलब्ध है - क्रिसफ्लायर एसबीआई कार्ड और क्रिसफ्लायर कार्ड एपेक्स। इस साझेदारी के साथ, क्रिसफ्लायर एसबीआई कार्ड के ग्राहक अपनी यात्रा खर्चों पर कई बड़े पुरस्कार और तमाम तरह के लाभ प्राप्त कर सकेंगे। क्रिसफ्लायर एसबीआई कार्ड पर 3,000 क्रिसफ्लायर माइल्स और क्रिसफ्लायर एसबीआई कार्ड एपेक्स पर 10,000 क्रिसफ्लायर माइल्स के एक्सक्लूसिव वेलकम ऑफ़र के साथ इस कार्ड का उद्देश्य अपने चुनिंदा ग्राहकों को अद्वितीय सुविधा और लक्जरी प्रदान करना और उनकी यात्राओं को एक नए तरह का अनुभव देना है। कार्डधारक हर साल 80,000 या इससे ज़्यादा क्रिसफ्लायर माइल्स तक प्वाइंट्स कमा सकते हैं।



# रोहित बनें आरसीबी के कप्तान..., पूर्व भारतीय क्रिकेटर के बयान ने मचाया तहलका

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** आईपीएल 2024 में जब से मुंबई इंडियंस ने रोहित शर्मा को हटाकर हार्दिक पांड्या को टीम का कप्तान बनाया, तभी से खबरें आ रही हैं कि रोहित शर्मा मुंबई से अलग हो सकते हैं. अब मेगा ऑक्शन से पहले पूर्व भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद कैफ के एक बयान ने सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है, जिसमें उन्होंने रोहित को आरसीबी की कमान संभालने की बात कही है. आईपीएल 2025 में मेगा ऑक्शन होने वाला है. जाहिर तौर पर कई टीमों में बड़े बदलाव देखने को मिलेंगे और कई टीमें तो अपने कप्तान भी बदलेंगी. हिटमैन को लेकर पिछले काफी वक्त से खबरें आ रही हैं कि वह अपकमिंग सीजन में आरसीबी की कप्तानी छोड़ सकते हैं. इस बीच मोहम्मद कैफ ने कहा है कि रोहित को आरसीबी का कप्तान बनना चाहिए. एक वायरल वीडियो में कैफ को ये कहते सुना जा सकता है कि, आपने जिन खिलाड़ियों का नाम लिया. प्लेयर्स में 19-20 होता है, मैं इसकी गारंटी देता हूं लेकिन ये बंदा 18 को 20 कर देता है. रोहित शर्मा गले में हाथ डालकर काम निकालनाअच्छे से जानते हैं. उन्हें पता है कि प्लेइंग इलेवन में किसको कहां फिट करना है. इसलिए मेरा मानना है कि अगर आरसीबी को मौका मिले तो उन्हें रोहित शर्मा को एक कप्तान के रूप में ले लेना चाहिए. रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु आईपीएल 2025 में फाफ डु प्लेसिस को कप्तानी से हटाकर टीम से रिलीज कर सकती है. दरअसल, फ्रेंचाइजी ने आईपीएल 2022 में उन्हें कप्तान बनाया था, लेकिन वह भी आरसीबी को ट्रॉफी जिताने में नाकाम रहे. हाल ही में बीसीसीआई ने रिटेंशन नियमों की घोषणा की है, जिसके मुताबिक एक टीम अपने 6 खिलाड़ियों को रिटेन कर सकती है. मगर, रिपोर्ट्स की मानें, तो आरसीबी सिर्फ विराट कोहली को रिटेन करने के बारे में सोच रही है. वहीं, फाफ की छुट्टी तय मानी जा रही है, क्योंकि फ्रेंचाइजी ने आईपीएल 2022 में उन्हें कप्तान बनाया था, लेकिन वह भी आरसीबी को ट्रॉफी जिताने में नाकाम रहे. अगर वह 6 खिलाड़ियों को रिटेन करती है, तो उसके 79 करोड़ रुपये खर्च हो जाएंगे और उसे 41 करोड़ रुपये में ही पूरी टीम तैयार करनी पड़ सकती है.

## दुर्भाग्यपूर्ण है हम पेरिस ओलंपिक में मुक्केबाजी में मेडल नहीं जीत सके: मैरी कॉम



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** छह बार की विश्व चैंपियन एमसी मैरी कॉम ने पेरिस ओलंपिक में भारतीय मुक्केबाजों के खराब प्रदर्शन पर निराशा जताई। उन्होंने कहा कि एक पदक विजेता होने के नाते, यह स्वाभाविक है कि उन्हें बुरा लगा है। पेरिस 2024 ओलंपिक में भारत ने छह मुक्केबाजों की टीम भेजी थी, जिसमें दो पुरुष और चार महिलाएं शामिल थीं। इसमें टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन और विश्व चैंपियन निकहत जरीन भी थीं। मैरी कॉम ने आर्मी स्पोर्ट्स कॉन्क्लेव के दौरान कहा, ओलंपिक प्रदर्शन को देखकर दुख होता है कि हम 2024 ओलंपिक में कोई पदक नहीं जीत सके। हमें यह देखना होगा कि आगे क्या सुधार करना है और किन गलतियों से बचना है। पेरिस ओलंपिक में लवलीना (महिला 75 किग्रा) ऐतिहासिक दूसरा पदक जीतने से चूक गईं और क्वार्टर फाइनल में चीन की ली कियान से हार गई थीं। वहीं, पुरुष 71 किग्रा वर्ग में निशांत देव क्वार्टर फाइनल तक पहुंचे थे, लेकिन उन्हें मेक्सिको के मार्को वर्डे से हार का सामना करना पड़ा था। दो बार की विश्व चैंपियन निकहत जरीन (महिला 50 किग्रा), कॉमनवेल्थ चैंपियन अमित पंघाल (पुरुष 51 किग्रा) और प्रीति पवार (महिला 54 किग्रा) अपने-अपने वर्ग में राउंड ऑफ 16 में हार गए। जेस्मिन लांबोरिया (महिला 57 किग्रा) राउंड ऑफ 32 में बाहर हो गई थी। कुल मिलाकर भारत का पेरिस ओलंपिक मुक्केबाजी अभियान निराशाजनक रहा था।

## भारत के खिलाफ मोमिनुल हक ने जड़ा शतक, कानपुर टेस्ट में रचा इतिहास



**कानपुर(एजेंसी)।** बांग्लादेश ने भारत के खिलाफ कानपुर टेस्ट की पहली पारी में 233 रन बनाए। इस दौरान मोमिनुल हक ने सोमवार को इतिहास के पन्नों में अपना नाम दर्ज करा लिया। मोमिनुल ग्रीन पार्क स्टेडियम में बारिश से प्रभावित दूसरे टेस्ट के दौरान भारतीय धरती पर टेस्ट शतक लगाने वाले दूसरे बांग्लादेशी बल्लेबाज बन गए। उन्होंने 172 गेंदों पर नाबाद 107 रनों की शतकीय पारी खेली। 35 वर्षीय बाएं हाथ के बल्लेबाज ने 16 चौके और एक छक्का लगाया। उन्होंने रविचंद्रन अश्विन की गेंद पर स्वीप के साथ अपना 13वां टेस्ट शतक पूरा किया और मुशफिकुर रहीम के बाद भारत में शतक बनाने वाले दूसरे बांग्लादेशी खिलाड़ी बन गए। बारिश के कारण ढाई दिन का खेल नहीं हो पाया था और चौथे दिन फिर से पारी को आगे बढ़ाते हुए, मोमिनुल ने दिन की शुरुआत अच्छी की। हालांकि, उन्हें अन्य बल्लेबाजों का साथ नहीं मिला लेकिन वह टीम को एक सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाने में सफल रहे। उनके शतक ने न केवल बांग्लादेश को मैच में बनाए रखा बल्कि टीम में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर भी किया। अपना 65वां टेस्ट मैच खेल रहे मोमिनुल ने 37 से अधिक की औसत के साथ 4,200 से अधिक रन बनाए हैं। 13 शतकों और 19 अर्धशतकों के साथ, वह अब मुशफिकुर रहीम, तमीम इकबाल और शाकिब अल हसन जैसे दिग्गजों के बाद टेस्ट में बांग्लादेश के चौथे सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। गेंदबाजी में भारत के लिए जसप्रीत बुमराह ने 3 विकेट झटके। रविचंद्रन अश्विन, मोहम्मद सिराज और आकाश दीप ने 2-2 विकेट लिए। रवींद्र जडेजा को 1 विकेट मिला। इसी के साथ जडेजा के 300 टेस्ट विकेट पूरे हो गए हैं।

## कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे के बयान पर अमित शाह का करारा प्रहार, कांग्रेसियों ने बार-बार किया है मोदी जी का अपमान



**नईदिल्ली।** जम्मू-कश्मीर और हरियाणा में चुनावी समर अपने चरम पर है। ऐसे में, सभी राजनीतिक पार्टियाँ एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप का राजनीतिक खेल खेलने में लगी हुई है। लेकिन जम्मू-कश्मीर की एक जनसभा के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर एक विवादित बयान देते हुए कहा कि, 'मैं तब तक जीवित रहूंगा, जब तक पीएम मोदी सत्ता से हट नहीं जाते।' उनके इस बयान पर सियासी गलियारों में एक तरह से हलचल सी मच गई है। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री, भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज नेता और भारतीय राजनीति के चाणक्य अमित शाह ने खड़गे के इस बयान पर आपत्ति जताते हुए अपने एक्स पर लिखा कि, '29 सितंबर को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जी ने अपने भाषण में अभद्र भाषा के इस्तेमाल में खुद को, अपने नेताओं को और अपनी पार्टी को भी पीछे छोड़ दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जी ने अपने भाषण में बिल्कुल अरुचिकर और अपमानजनक बोलकर खुद को, अपने नेताओं को और अपनी पार्टी को मात दे दी। द्वेष का कड़वा प्रदर्शन करते हुए, उन्होंने अनावश्यक रूप से पीएम मोदी को अपने व्यक्तिगत स्वास्थ्य मामलों में यह कहकर घसीटा कि वह पीएम मोदी को सत्ता से हटाकर ही दम लेंगे।

## सुदर्शन फार्मा इंडस्ट्रीज लिमिटेड के बोर्ड ने 1:10 स्टॉक स्प्लिट को दी मंजूरी

**मुंबई :** सुदर्शन फार्मा इंडस्ट्रीज लिमिटेड (SPIL) (BSEÑ 543828), जो कि रासायनिक और फार्मास्युटिकल व्यवसाय में अग्रणी नाम है, ने घोषणा की है कि इसके बोर्ड ने कंपनी के इक्विटी शेयरों के उप-विभाजन / स्टॉक स्प्लिट के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इस प्रस्ताव के तहत 1 शेयर को विभाजित कर 10 शेयरों में परिवर्तित किया जाएगा, जो कि शेयरधारकों की मंजूरी और अन्य आवश्यक अनुमोदनों पर निर्भर है। हाल ही में, कंपनी ने एक नई सहायक कंपनी सुदर्शन मेवन फार्मा प्राइवेट लिमिटेड की स्थापना की है। इस सहायक कंपनी का मुख्य उद्देश्य सभी प्रकार की फार्मास्युटिकल्स, स्वास्थ्य संबंधी, आयुर्वेदिक और आहार अनुपूरक उत्पादों का निर्माण, फॉर्मूलेशन, प्रोसेसिंग, विकास, परिष्करण, आयात और निर्यात करना है, इसके अलावा विविध अन्य उत्पाद भी शामिल हैं। इससे पहले, जुलाई महीने में, कंपनी ने अपने प्रमोटरों को परिवर्तनीय वारंट्स के जारी करके धन जुटाने की मंजूरी दी थी। सुदर्शन फार्मा इंडस्ट्रीज लिमिटेड रासायनिक और फार्मास्युटिकल उद्योग में एक प्रमुख नाम बन गया है। इसके प्रमोटर्स, श्री हेमल वी. मेहता और श्री सचिन वी. मेहता, जिनके पास सामूहिक रूप से 25 से अधिक वर्षों का अनुभव है, के नेतृत्व में सुदर्शन फार्मा इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने विशेष रसायनों और बल्क ड्रग्स के क्षेत्र में मजबूत नींव रखी है। उनकी दृष्टि ने कंपनी को एक एकीकृत रासायनिक और फार्मास्युटिकल कंपनी के रूप में विकसित करने में मदद की है और कंपनी को नवाचार और विश्वसनीयता के लिए ख्याति दिलाई है।

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता,**
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग-बलौदाबाजार, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)
Office Phone. :- 07727-296695
Email ID :- ee-res.abhanpur@nic.in

**// ई-निविदा आमंत्रण सूचना क्र.-06//**
**(प्रथम बार)**

क्रमांक/2303/निविदा/ ग्रा.यां.से./2024-25

बलौदाबाजार, दिनांक 26/09/2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा प्रतिशत दर पर दिनांक 07.10.2024 तक ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| सिस्टम टेंडर नं. | कार्य का विवरण | ठेके की अनुमानित लागत (लाख में) | ऑनलाईन निविदा आमंत्रण की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 158947 | भाटापारा, सुरखी मेन रोड से नवनिर्मित आदिवासी समाज के सामाजिक भवन तक सी.सी. रोड निर्माण, वि.ख. भाटापारा | 23.78 | 07.10.2024 |

2/ निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति (परिशिष्ट 2.10 एवं निविदा दस्तावेज परिशिष्ट-2.13) यथा संशोधित व अन्य जानकारी बेबसाइट http://eproc.cgstate.gov. in में अथवा कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में उपस्थित होकर दिनांक 26.09.2024 से देखी जा सकती है।

(आर.आर. महिलांगे)
कार्यपालन अभियंता
जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

G-242502845/2

**छत्तीसगढ़ शासन, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, गरियाबंद वनमण्डल गरियाबंद**

**काष्ठागार नीलाम का संक्षिप्त विवरण**

सर्व साधारण के सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि गरियाबंद वनमंडल के अंतर्गत गरियाबंद काष्ठागार में संग्रहित ईमारती काष्ठ एवं अस्थाई पड़ाव / निस्तार डिपो के अवशेष बांस / जलाऊ चट्टा का घोष विक्रय द्वारा निर्वतन किया जावेगा। इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है कि वे नीलाम में भाग लेवें। नीलाम की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमंडल कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। नीलाम में प्रस्तावित मात्रा में कमी / अधिकता हो सकती है। कृपया बोली लगाने से पूर्व वनोपज का स्वतः स्थल निरीक्षण कर लेवें।

डिपों का नाम - वन काष्ठागार गरियाबंद
नीलाम दिनांक - 08/10/2024
नीलाम समय - प्रातः 09 : 00 बजे

नीलाम में प्रस्तावित वनोपज की अनुमानित मात्रा

| क्र. | प्रजाति | लट्ठा घ.मी. | | | बल्ली / डेंगरी (संख्या) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | नया | पुराना | योग | नया | पुराना | योग |
| 1 | सागौन | 185.000 | 43.733 | 228.733 | 17289 | 42329 | 59618 |
| 2 | साल | 417.000 | 714.232 | 1131.232 | 410 | 7240 | 7650 |
| 3 | बीजा | 36.000 | 79.138 | 115.138 | 0 | 0 | 0 |
| 4 | शीशम | 11.000 | 0.271 | 11.271 | 0 | 0 | 0 |
| 5 | तिन्सा | 0 | 4.058 | 4.058 | 0 | 0 | 0 |
| 6 | साजा | 74.000 | 90.247 | 164.247 | 2000 | 484 | 2484 |
| 7 | हल्दू | 25.000 | 27.581 | 52.581 | 0 | 0 | 0 |
| 8 | धावड़ा | 16.000 | 1.945 | 17.945 | 0 | 0 | 0 |
| 9 | सलई | 3.000 | 0 | 3.000 | 0 | 0 | 0 |
| 10 | अन्य | 71.000 | 18.538 | 89.538 | 7500 | 0 | 7500 |
| योग :- | | 838.000 | 979.743 | 1817.743 | 27199 | 50053 | 77252 |

| वनोपज | निस्तार / बंसोड़ डिपो फिंगेश्वर | उपभोक्ता डिपो देवभोग | योग |
|---|---|---|---|
| बांस पुराना | 3511 | 2000 | 5511 |

| वनोपज | उपभोक्ता डिपो पथर्रा राजिम | योग |
|---|---|---|
| जलाऊ चट्टा पुराना | 09 | 09 |

**टीप :-** (1) किसी भी व्यक्ति को नीलाम में बोली लगाने के पूर्व नीलाम की शर्तों का पालन करने के करार प्रतीक स्वरूप विक्रय सूचना पर अपना हस्ताक्षर करना होगा। (2) प्रत्येक लाट के संबंध में बोली लगाने के पूर्व जिस सीमा तक वह बोली लगाना चाहता हो उसके 10 प्रतिशत के बराबर राशि या 1000/- (एक हजार) रूपये इसमें से जो भी अधिक हो राशि जमा करना होगा। (3) नीलाम में संत्यकार की राशि जमा करते समय संत्यकार अधिकारी को वर्ष 2024 के लिए विनिर्माता व्यापारी के रूप में पंजीकृत प्रमाण पत्र की छायाप्रति एंव आयकर विभाग द्वारा जारी पेनकार्ड की छायाप्रति अनिवार्य रूप से जमा करना होगा। (04) क्रय मूल्य की 25 प्रतिशत ई.एम.डी. की राशि का धनादेश अथवा डिमाण्ड ड्राफ्ट / मल्टीसिटी चेक स्वीकार किये जावेगा। प्रत्येक क्रेता को विनिर्माता / उपभोक्ता / व्यापारी लायसेंस एवं आयकर पेन नं. /टीन नं./जी.एस.टी.नं. की छायाप्रति अनिवार्य रूप से जमा करने पर ही वर्क आर्डर जारी किया जावेगा। (05) यदि किसी क्रेता द्वारा किसी कारणवश विक्रय मूल्य की 10 प्रतिशत राशि ई.एम.डी. के रूप में जमा की जाती है तो उस 07 दिवस के भीतर शेष 15 प्रतिशत राशि जमा करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत कर वनमंडलाधिकारी स्वीकृति प्राप्त किया जाना अनिवार्य है। आवेदन पत्रा प्रस्तुत नहीं करने पर जमा 10 प्रतिशत ई. एम. डी. की राशि शासन के पक्ष में राजसात कर लाट निरस्त कर दी जावेगी, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित क्रेता की होगी।
जलाऊ / बांस नीलाम के पश्चात ईमारती लकड़ी का नीलाम किया जावेगा।

वनमण्डलाधिकारी
गरियाबंद वनमण्डल गरियाबंद

G-242502860/1

दैनिक
विश्व परिवार
महानगर

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

रायपुर, बुधवार 02 अक्टूबर 2024



## थलसेना अग्निवीर हेतु निःशुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण प्रारंभ

**बलौदाबाजार (विश्व परिवार)।** भारतीय थलसेना में अग्निवीर भर्ती के लिए आयोजित लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के अभ्यर्थियों के लिए निःशुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण स्टेडियम ग्राउण्ड कलेक्ट्रेट के पीछे बलौदाबाजार में सुबह 6 बजे से 8 बजे तक आयोजन किया जा रहा है। ऐसे सभी अभ्यर्थी जिन्होने लिखित परीक्षा उत्तीर्ण की है, वे प्रशिक्षण में शामिल हो सकते है। शारीरिक दक्षता परीक्षा का आयोजन 1 अक्टूबर से 30 नवम्बर 2024 तक आयोजित की जायेगी। शारीरिक दक्षता परीक्षा की तैयारी के संबंध में अधिक जानकारी हेतु जिला रोजगार कार्यालय, बलौदाबाजार या दूरभाष क्रमांक 07727-299443 से संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

## आचार्य शांतिसागर सभागार में आयोजित हुआ क्षमावाणी मिलन समारोह



### किया प्रतिभाशाली छात्रों एवं वृद्धजनों का स्वागत सम्मान




**आगरा (विश्व परिवार)।** दिनांक 29 सितंबर 2024 दिन रविवार को हरीपर्वत स्थित आचार्य शांतिसागर सभागार में आगरा खंडेलवाल दिगंबर जैन समिति के तत्वावधान में क्षमावाणी मिलन समारोह का आयोजन किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ आगरा खंडेलवाल दिगंबर जैन समिति के पदाधिकारियों ने भगवान महावीर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं जयपुर हाउस शैली की बालिकाओं के मंगलाचरण के साथ किया, तत्पश्चात कर्मयोगी शैली, नाई की मंडी शैली, मोती कटरा शैली, बेलनगंज शैली की महिला मंडलों ने बहुत सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इसके बाद सभी अतिथियों का सम्मान किया साथ ही दाम्पत्य जीवन के 50 वर्ष पूर्ण करने वाले युगलों एवं प्रतिभाशाली छात्र-छात्रों बरिष्ठजन, त्यागी वृत्तियों का प्रतीक चिन्ह देकर एवं माला पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रायपुर से पधारे संजीव जैन का आगरा खंडेलवाल दिगंबर जैन समिति के पदाधिकारियों ने सम्मानित किया। मुख्य अतिथि श्री जैन द्वारा आगरा शहर में निवासरत श्री दिगंबर जैन समाज के परिवार के सदस्यों व गणमान्य पदाधिकारियों को जैन इंजीनियर्स सोसाइटी के कार्यों तथा जल, ऊर्जा, पर्यावरण संरक्षण की जागरूकता हेतु विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यक्रम का संचालन सरिता काला एवं मनोज जैन वाकलीवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम के समापन पर नाइ की मंडी शैली की तरफ से सभी लोगों के लिए वात्सल्य भोज की व्यवस्था की गई। इस अवसर पर आगरा खंडेलवाल दिगंबर जैन समिति के अध्यक्ष निर्मल मोठया, महामन्त्री अजय चैनाडा, संजीव बेनाड़ा, मनोज जैन बाकलीवाल आदि आगरा दिगंबर जैन समिति के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर सदस्यता महाभियान, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा हुए शामिल



**कवर्धा (विश्व परिवार)।** भारतीय जनता पार्टी संगठन के विस्तार के दृष्टि से प्रत्येक 10 वर्षो में सदस्यता अभियान कर नए लोगो को पार्टी के विचारधारा से व पार्टी से जोड़ते, वही पुराने सदस्य भी अपनी सदस्यता का नवीनीकरण करते है। 25 सितम्बर प.दीनदयाल उपाध्याय जी के जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी ने पूरे देश मे सदस्यता महाअभियान का आयोजन किया है। आज पूरे देश मे बूथ स्तर के कार्यकर्ता से लेकर राष्ट्रीय स्तर व प्रदेश स्तर के पदाधिकारी मुख्यमंत्री, मंत्री, विधायक और अन्य सभी जन प्रतिनिधि, पार्टी के वरिष्ठत नेता गण अपने अपने बूथों पर सदस्यता अभियान में शामिल होंगे और नए सदस्यों को पार्टी की सदस्यता दिलायेंगे।

इसी तारतम्य में स्थानीय विधायक एवं छग शासन में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अपने बूथ क्रमांक 234 पर जाकर सदस्यता अभियान में भाग लिया। उन्होंने शहर के विभिन वार्डो में बूथ पर जाकर नए सदस्यों को भाजपा की सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर कॉंग्रेस पार्षद प्रमोद लुनिया ने उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के समक्ष भाजपा की सदस्यता ली। श्री शर्मा ने शहर के गणमान्य नागरिक सहित वरिष्ठ कार्यकर्ता व आम जन जो पार्टी से जुड़ना चाहते है उनको सदस्यता दिलाकर सदस्यता महाभियान में भाग लिया।

सदस्यता महा अभियान में कवर्धा शहर में संगठन के सभी पदाधिकारियों ने भी पुन: भाजपा की सदस्यता ली और अन्यो को भी पार्टी से जोड़ने का कार्य किया। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष अशोक साहू उपाध्यक्ष जसविंदर बग्गा, वीरेंद्र साहू, कैलाश चंद्रवंशी, नपा अध्यक्ष मनहरण कौशिक, शहर मंडल अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, राजा टाटिया, श्रीकान्त उपाध्याय, पीयूष सिंह, जशवंत छाबड़ा, मनोज शर्मा, जितेंद्र पांडे, मनीराम साहू, खिलेश्वर साहू, सचिन अग्रवाल, सुनील दोषी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

## कलिंगा विश्वविद्यालय में छत्तीसगढ़ क्षेत्र के आईईईई ब्रांच काउंसलर्स की बैठक सम्पन्न




**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ क्षेत्र के लिए आईईईई ब्रांच काउंसलर्स की बैठक 30 सितंबर 2024 को कलिंगा विश्वविद्यालय, रायपुर में सफलतापूर्वक आयोजित की गई। इस महत्वपूर्ण आयोजन का उद्देश्य क्षेत्र के भीतर नवाचार और तकनीकी विकास को बढ़ावा देने में सहयोग को बढ़ावा देना और आईईईई छात्र शाखाओं की भूमिका को मजबूत करना है। सुश्री सिम्पी कुमारी, बी-टेक कंप्यूटर साइंस की छात्रा, कलिंगा विश्वविद्यालय समारोह की संचालक थीं।

बैठक में आईईईई मध्य प्रदेश अनुभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर जी.एस. तोमर और आईईईई डब्ल्यूआईई समिति के अध्यक्ष डॉ. सेलिया शाहनाज़ ने प्रतिभागियों के साथ अपनी बहुमूल्य अंतर्दृष्टि और मार्गदर्शन साझा करने के लिए वर्चुअल रूप से जुड़े थे। बैठक में छत्तीसगढ़ की विभिन्न आईईईई छात्र शाखाओं से 30 उपस्थित लोगों की भागीदारी देखी गई, जिन्होंने ऑफ़लाइन मोड में सत्र में भाग लिया। बैठक के दौरान चर्चा छात्र शाखाओं के प्रभाव को बढ़ाने, तकनीकी गतिविधियों को प्रोत्साहित करने और सदस्यों के बीच सहयोग की संस्कृति को बढ़ावा देने पर केंद्रित थी।

डॉ. विजयालक्ष्मी, संयुक्त। आईईईई डब्लूआईई एजी एमपी अनुभाग के सचिव और अध्यक्ष ने आईईईई सदस्यता लाभों के बारे में सत्र लिया और छात्र शाखाओं को अनुभाग और वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देने की रणनीतियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने आईईईई के तहत दी जाने वाली विभिन्न योजनाओं और पुरस्कारों पर भी ध्यान केंद्रित किया और आईईईई के माध्यम से धन प्राप्त करने के तरीकों पर चर्चा की। डॉ. अनु जी पिल्लई, उपाध्यक्ष, आईईईई डब्ल्यूआईई एजी एमपी अनुभाग और आईईईई शाखा काउंसलर कलिंगा विश्वविद्यालय, रायपुर ने अपने सत्र के दौरान वी-टूल्स में संबंधित शाखाओं की आईईईई गतिविधियों को अपलोड करने की प्रक्रिया पर चर्चा की। डॉ.अनीता वर्मा, उपाध्यक्ष, प्रचार आईईईई एजी एमपी अनुभाग; श्री अभिषेक कुमार गुप्ता, अनुसंधान सहायक, कलिंगा विश्वविद्यालय; सुश्री अपूर्वा शर्मा, आईक्यूएसी समन्वयक, कलिंगा विश्वविद्यालय; श्री अश्वन साहू, कार्यालय सहायक, आईक्यूएसी विभाग, कलिंगा विश्वविद्यालय और श्री हेमंत साहू, कार्यालय सहायक, आईक्यूएसी विभाग, कलिंगा विश्वविद्यालय बैठक में उपस्थित थे। इस कार्यक्रम ने आईईईई बैनर के तहत क्षेत्र के विकास के लिए नेटवर्किंग, विचारों को साझा करने और भविष्य की पहल की योजना बनाने के लिए एक उत्कृष्ट मंच के रूप में कार्य किया।

## स्वदेशी खादी महोत्सव का भव्य आयोजन, गास मेमोरियल मैदान में उमड़ा जन सैलाब



**रायपुर (विश्व परिवार)।** रायपुर शहर के गॉस मेमोरियल मैदान सिविल लाइन रायपुर में इन दिनों स्वदेशी खादी महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया है, जहां सभी राज्यों के बूनकरों द्वारा तराशी गई वस्तुओं का एक अनोखा संगम एक ही छत के नीचे तकरीबन एक लाख से अधिक वैरियटयों का संगम शहर वासियों के लिए एक विशेष विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। स्वदेशी खादी प्रदर्शनी में आए हुए बुनकरों द्वारा तरासी गई वस्तुओं से शहर वासी लाभान्वित हो रहे हैं। प्रदर्शनी में मेरठ के खादी कुर्ते, असम सिल्क साड़ी, कश्मीरी पशमीना साड़ी, बंगाल के जुट बैग, राजस्थान की मोजड़ी, लखनवी चिकन बनारसी सिल्क साड़ी, हैदराबादी कॉटन साड़ी, जयपुर के कपड़े, जयपुर मुखवास अचार एवं पापड़ पिलखुआ के बेडशीट झांसी के बेडशीट इसके साथ ही साथ और भी बहुत कुछ। प्रदर्शनी का समय सुबह 11 बजे से लेकर के रात्रि के 10 बजे तक प्रदर्शनी में हथकरघा एवं हस्तशिल्प वस्तुओं पर क्रमशः 10 प्रतिशत से लेकर के 20त्न तक की विशेष छूट दी जा रही है।

## राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस : न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के रायपुर क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन



**रायपुर (विश्व परिवार)।** न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के रायपुर क्षेत्रीय कार्यालय ने 1 अक्टूबर को राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के अवसर पर एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस शिविर का उद्देश्य रक्तदान के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाना और अधिक से अधिक लोगों को स्वेच्छा से रक्तदान करने के लिए प्रेरित करना था।

कार्यक्रम में कंपनी के कर्मचारियों और स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और रक्तदान किया। कंपनी ने रक्तदान के प्रति लोगों की जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ सामुदायिक सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता भी दिखाई। इस अवसर पर कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों ने रक्तदान के महत्व और इससे होने वाले फायदों पर प्रकाश डाला।

इसके साथ ही, स्वच्छता ही सेवा 2024 के तहत अपने कार्यालय और आस-पास के कार्यालयों के सफाई मित्रों को सम्मानित किया एवं स्थानीय दुकानों पर कूड़ेदान वितरित किए गए और स्वच्छता के महत्व के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। कंपनी ने बाजार क्षेत्र में दुकानदारों और ग्राहकों से साफ-सफाई बनाए रखने और कचरा उचित स्थान पर डालने की अपील की। इस पहल का उद्देश्य स्वच्छ और स्वस्थ समाज का निर्माण करना है।

## संक्षिप्त समाचार

### तनाव के प्रबंधन पर चिकित्सको द्वारा रायपुर में कार्यशाला का आयोजन

**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ ISAR, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन छत्तीसगढ़ शाखा, RSOPARB, हार्टफुलनेस एवं पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज रायपुर के संयुक्त तत्वाधान से टेलीमेडिसिन हॉल, पंडित जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज रायपुर में चिकित्सको, मरीजों एवं उनके परिजनों को दैनिक जीवन में होने वाले मानसिक तनाव से बचाव के लिए कार्यशाला दिनांक 4, 5 एवं 6 अक्टूबर 2024 को आयोजित किया गया है, जिसका उद्घाटन समारोह दिनांक 6/10/2024 को होगा, इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शासन में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री माननीय श्री श्याम बिहारी जायसवाल होंगे। इस कार्यक्रम में अतिथि के तौर पर डॉ. तृप्ति नागरिया, डीन मेडिकल कॉलेज रायपुर, डॉ. अलोक अग्रवाल डीन (अकादमिक) एम्स रायपुर, डॉ एस बी एस नेताम संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक भीम राव अंबेडकर अस्पताल रायपुर एवं डॉ. राकेश गुप्ता अध्यक्ष छत्तीसगढ़ आई एम ए. रहेंगे और इस कार्यक्रम के समन्वयक के रूप में डॉ. प्रज्ञा सूर्यवंशी सचिव ISAR, डॉ. ज्योति जायसवाल सचिव RSOPARB एवं डॉ. दिग्विजय सिंह सचिव छत्तीसगढ़ आई एम ए उपस्थित रहेंगे। इस कार्यक्रम मे वक्ता के रूप में डॉ. मनीष कुलकर्णी डायरेक्टर धन्वंतरि अस्पताल पुणे, डॉ. हरेश मेहता वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ लीलावती हॉस्पिटल मुम्बई, एवं डॉ. प्रज्ञा सूर्यवंशी, नि:सन्तानता विशेषज्ञ। इस कार्यशाला में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सचेत करने, अपने सोच को कार्यक्षेत्र और दैनिक जीवन के तनाव से बचा कर उसे सकारात्मक सोच की दिशा में प्रेरित करने के विभिन्न तरीको को एवं ध्यान के माध्यम से अपने जीवन और आस पास के माहौल को कैसे हम अपने अनुरूप कर सकते है इस पर व्याख्यान दिया जाएगा।

### महात्मा गाँधी जयंती 2 अक्टूबर को सम्पूर्ण प्रदेश में मांस-मटन विक्रय पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा

**रायपुर (विश्व परिवार)।** महात्मा गाँधी जयन्ती 2 अक्टूबर 2024 बुधवार को मांस ङ्क मटन का विक्रय पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। इस सम्बन्ध में छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आदेश के परिपालन में सम्पूर्ण प्रदेश में स्थित पशुवध गृह एवं समस्त मांस ङ्क मटन विक्रय की दुकानों को बंद रखे जाने का आदेश जारी किया है। किसी भी दुकान में मांस-मटन विक्रय करते पाये जाने पर मांस ङ्क मटन जप्त करने की कार्यवाही की जायेगी और सम्बंधित व्यक्ति के विरूद्ध यथोचित कार्यवाही भी की जायेगी।

## तैयारी ऐसी हो की ऑडिशन, परफोर्मेंस में बदल जाए : एक्टर अनुज शर्मा

**सिनेमा के क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं : चांसलर अभिषेक अग्रवाल**



**रायपुर (विश्व परिवार)।** कुम्हार के पास जब बर्तन बनकर जाएंगे तो हम टूट जाएंगे, लेकिन जब हम मिट्टी बनकर जाएंगे तो हमें नया आकार मिलेगा, हमें नई संरचना मिलेगी, हमारा नया निर्माण होगा यह कहना है बॉलीवुड फिल्म अभिनेता अनुज शर्मा का। आंजनेय विश्वविद्यालय में वेब सीरीज हीरा मंडी के (हामिद) अनुज शर्मा का व्याख्यान आयोजित हुआ। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन के हर क्षेत्र में संघर्ष और मेहनत से ही सफलता प्राप्त होती है। ऑडिशन को सिर्फ औपचारिकता न समझें, बल्कि इसे अपनी परफॉर्मेंस में बदलने का प्रयास करें। सिनेमा की दुनिया में प्रतिभा के साथ-साथ धैर्य और समर्पण भी बेहद आवश्यक हैं। अनुज शर्मा ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि अगर हम अपने आप को मिट्टी की तरह तैयार करेंगे, तो जीवन में नए अवसर और सफलता के लिए खुद को फिर से आकार देने की क्षमता विकसित कर सकेंगे। उन्होंने आगे कहा कि फिल्में समाज का आईना होती हैं, इसलिए ऐसी फिल्मों का निर्माण ऐसा होना चाहिए जो समाज को सकारात्मक दिशा दिखाए और जागरूक करे। सिनेमा सिर्फ मनोरंजन का माध्यम नहीं है, बल्कि यह समाज में बदलाव लाने का एक सशक्त साधन भी है। उन्होंने कहा कि जीवन में सीखने की यात्रा कभी थमनी नहीं चाहिए। हर दिन एक नया अवसर लेकर आता है, जो हमें कुछ न कुछ सिखाता है। ज्ञान की कोई सीमा नहीं होती, और सीखने की कोई उम्र नहीं होती।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कोर्स डॉयरेक्टर और फिल्म अभिनेता भगवान तिवारी ने अनुज शर्मा से उनके फिल्मों में आने की विकास यात्रा पर बातचीत की। विद्यार्थियों ने एक्टर अनुज शर्मा को अपने बीच पाकर बहुत से फिल्मी दुनिया के प्रश्न पूछे। वहीं मोटिवेशनल स्पीकर संकल्प माहेश्वरी ने विद्यार्थियों के भीतर शिक्षा, समाज, व्यक्तित्व निर्माण के गुणों को विकसित करने के गुण साझा किए। इस दौरान विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति डॉ टी रामाराव, महानिदेशक डॉ बी सी जैन, कार्यक्रम संयोजक डॉ प्रांजलि गनी सहित बड़ी संख्या में प्राध्यापक और विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ राहुल तिवारी ने किया।

## गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर मैट्स स्कूल ऑफ फैशन डिजाइनिंग एंड टेक्नोलॉजी ने खादी फैशन शो का किया आयोजन




**रायपुर (विश्व परिवार)।** गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर, मैट्स स्कूल ऑफ फैशन डिजाइनिंग एंड टेक्नोलॉजी ने 1 अक्टूबर 2024 को खादी फैशन शो का आयोजन किया, जो वास्तव में मैट्स विश्वविद्यालय, रायपुर द्वारा आयोजित और प्रचारित सबसे प्रतिष्ठित कार्यक्रमों में से एक है। यह कार्यक्रम भारत की समृद्ध कपड़ा विरासत का एक प्रमाण है, जो खादी कपड़ों की बहुमुखी प्रतिभा और सुंदरता का जश्न मनाने के लिए डिजाइनरों, मॉडलों और फैशन के प्रति उत्साही लोगों को एक साथ लाया। रनवे को रंगों और बनावट के कैनवास में बदल दिया गया क्योंकि मॉडल ने शानदार खादी परिधानों में मंच की शोभा बढ़ाई। यह समारोह कई विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में ङ्कड्डह्लह्य विश्वविद्यालय, रायपुर में आयोजित किया गया था।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि Dr. Poulomi Banerjee Vice President ABIS e&port India Private Limited ने माँ सरस्वती की मूर्ति के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मैट्स विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री गजराज पगारिया, महानिदेशक श्री प्रियेश पगारिया, कुलपति डॉ. केपी यादव, प्रो. कुलपति डॉ. दीपिका ढांड, रजिस्ट्रार श्री गोकुलानंद पांडा और विभागाध्यक्ष श्रीमती परविंदर कौर के द्वारा किया गया7 सभी अतिथियों ने मैट्स यूनिवर्सिटी के प्रयासों की सराहना की, फैशन डिजाइनिंग में करियर की संभावनाओं के बारे में छात्रों को प्रेरित किया और इस आयोजन को सराहनीय बताया। मैट्स स्कूल ऑफ फैशन डिजाइनिंग एंड टेक्नोलॉजी के छात्रों ने अपने मनमोहक डिजाइन प्रदर्शित किए। यह कार्यक्रम भारतीय संस्कृति और विरासत का उत्सव रहा, क्योंकि छात्रों ने सिक्किम की पारंपरिक चोपा पोशाक के साथ विरासत और पर्यावरण के अनुकूल फैशन का एक अनूठा मिश्रण दिखाया। माहौल पारंपरिक संगीत की धुनों और डिजाइनर परिधानों से भरा हुआ था, जिसमें परंपरा और आधुनिकता, भारतीय लोक हस्त चित्रित परिधानों का मिश्रण था। एक राष्ट्रीय प्रतीक के रूप में खादी का महत्व अंतरराष्ट्रीय स्तर तक फैला हुआ है, जिसमें छात्रों ने पश्चिमी शैली के स्पर्श के साथ मिस्र की थीम को दर्शाते हुए परिधान भी डिजाइन किए हैं। समकालीन भारत में, खादी उच्च वर्ग का प्रतीक बन गई है। उच्च श्रेणी के फैशन ब्रांड खादी को अपने संग्रह में शामिल करते हैं, जिससे यह एक लक्जरी आइटम बन जाता है। खादी फैशन शो एक शानदार सफलता थी, जिसमें कपड़े की सुंदरता, बहुमुखी प्रतिभा और स्थिरता का प्रदर्शन किया गया। जैसे-जैसे दुनिया टिकाऊ और सतत फैशन को अपना रही है, खादी कालातीत लालित् और सांस्कृतिक गौरव के प्रतीक के रूप में चमकती रहती है। कार्यक्रम का समापन रजिस्ट्रार श्री गोकुलानंद पांडा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया। इस अवसर पर मैट्स विश्वविद्यालय के सभी विभागों के प्रमुख प्रधानाध्यापक और अध्यापक गण्ड, छात्र और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## पहले छत्तीसगढ़ ग्रीन समिट में स्थिरता विषय पर चर्चा करेंगी पद्मश्री से सम्मानित हस्तियां और विशेषज्ञ

### रायपुर में 3 से 5 अक्टूबर तक होगा समिट का आयोजन

**नई दिल्ली (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ का वन और जलवायु परिवर्तन विभाग, विबग्योर एन.ई. फाउंडेशन, प्रज्ञा प्रवाह, एनआईटी रायपुर और एमिटी यूनिवर्सिटी छत्तीसगढ़ के सहयोग से, रायपुर के दीनदयाल ऑडिटोरियम में 3 से 5 अक्टूबर, 2024 को पहले छत्तीसगढ़ ग्रीन समिट 2024 की मेजबानी करने जा रहा है। लोकमंथन संस्करण से पहले होने वाले इस कार्यक्रम में प्रमुख हितधारकों को पर्यावरण स्थिरता और विकास विमर्श में लोक परंपराओं के एकीकरण पर चर्चा करने और उसे बढ़ावा देने के लिए एक साथ लाया जाएगा।

लोकमंथन ङ्क 2016 में शुरू हुआ और इसका उद्देश्य देश भर के हजारों कलाकारों, विचारकों, बुद्धिजीवियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं को एक साथ लाना है- यह एक सांस्कृतिक महाकुंभ है जो आख्यानों को नया रूप देता है और राष्ट्र को अपनी सभ्यतागत भूमिका को अपनाने के लिए तैयार करता है।




3 अक्टूबर को उद्घाटन सत्र के साथ शिखर सम्मेलन कि शुरुआत होगी। इसके बाद वनों और समुदायों, भारतीय वानिकी और इकोलॉजिकल सिस्टम सर्विसेज के बीच इंटररिलेशन पर केंद्रित तकनीकी सत्र होंगे। विशेषज्ञ पारिस्थितिकी बहाली और वनों द्वारा प्रदान किए जाने वाले पारिस्थितिकी तंत्र लाभों पर चर्चा करेंगे, जिसका उद्देश्य एक स्थायी मॉडल बनाना है जो इकोलॉजिकल बैलेंस और कम्युनिटी वेलफेयर दोनों का समर्थन करता है। तीन दिवसीय कार्यक्रम के दौरान, उपस्थित लोगों को पारंपरिक खाद्य पदार्थों, आदिवासी शिल्प, 100 से अधिक जनजातीय संगीत वाद्ययंत्रों, औषधीय पौधों और स्थानीय कला रूपों को प्रदर्शित करने वाली प्रदर्शनियों और कार्यशालाओं का पता लगाने का अवसर भी मिलेगा। लाइव प्रदर्शन, छत्तीसगढ़ का जनजातीय वाद्य संगीत, आदिवासी कहानी कहने पर इंटरैक्टिव सत्र और पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों का प्रदर्शन छत्तीसगढ़ की समृद्ध विरासत का जश्न मनाते हुए एक जीवंत सांस्कृतिक अनुभव प्रदान करेगा।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय साईं शिखर सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। मुख्य अतिथि के तौर पर छत्तीसगढ़ के वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप शिखर शामिल होंगे। पद्मश्री जादव पायेंग, द फॉरेस्ट मैन ऑफ इंडिया (असम), पद्मश्री चामी मुर्मू, सहयोगी महिला मंडल, सरायकेला (झारखंड), पद्मश्री पोपटराव पवार, सरपंच- हिरवे बाजार (महाराष्ट्र) और पद्मश्री हेमचंद्र माझी लोक परंपरा के माध्यम से स्थिरता पर चर्चा का नेतृत्व करेंगे। राज्य की प्राकृतिक और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने के महत्व पर जोर देते हुए, विबग्योर एन.ई. फाउंडेशन के सचिव बितापी बसुमतारी लुहो ने कहा, छत्तीसगढ़ ग्रीन समिट 2024 विकास और पर्यावरणीय स्थिरता के बीच की खाई को पाटने का एक अनूठा अवसर है, जो हमारी समृद्ध लोक परंपराओं पर आधारित है। यह पहल छत्तीसगढ़ की प्राकृतिक और सांस्कृतिक विरासत की रक्षा और संवर्धन के लिए हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। छत्तीसगढ़ के प्रधान मुख्य वन संरक्षक और वन बल प्रमुख वी. श्रीनिवास राव ने इस आयोजन के महत्व पर बात करते हुए कहा कि, यह शिखर सम्मेलन हरियाली और संरक्षण के प्रति हमारे दृष्टिकोण को फिर से परिभाषित करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच का प्रतिनिधित्व करता है।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर



होंठों को पतला - मोटा करें और आकर्षक बनायें.
इंजेक्शन व लेसर द्वारा
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

लोन लेने के लिए ITR बनवायें मात्र 500/- में
शेखर गुप्ता
ONLYTDS.COM
ITR GST
हमारे TAX Expert आपकी मदद हेतु तैयार है।
G.S.T. रिटर्न
Food Licence
इन्कम TAX फाईल
M.S.M.E. रजिस्ट्रेशन
TDS रिफंड
प्रोजेक्ट रिपोर्ट
IT नोटिस
डिजिटल सिग्नेचर
9300755544, 8878655544

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा मे. विश्व परिवार इंडस्ट्रीज, प्लॉट नं.-421 सेक्टर-सी, सड़क नं.-7 उरला इंडस्ट्रीयल एरिया उरला, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354